Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
# घटती घटना
अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -34 रविवार ,04 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*जो अनुभव के स्रोत का जल पीने की उपेक्षा करता है,वह संभवतः अज्ञानरूपी मरूस्थल में प्यासा ही मर जायेगा।*
-लिंडपो-

## संक्षिप्त खबरें

### गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई पद्म भूषण से हुए सम्मानित



**नई दिल्ली ,03 दिसंबर 2022(ए)।** गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को सैन फ्रांसिस्को में उनके करीबी परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में व्यापार और उद्योग श्रेणी में 2022 के लिए भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने पिचाई को यह पुरस्कार सौंपा और कहा कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा भारतीय प्रतिभा के वैश्विक नवाचार में योगदान की पुष्टि करती है।

### टीएमसी नेता के घर पर बम धमाका,3 की मौत



**कोलकाता,03 दिसंबर 2022(ए)।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार देर रात तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता के घर पर बम धमाका हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग घायल भी हो गए। धमाके के कारण नेता का घर भी क्षतिग्रस्त हो गया।
यह हादसा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी की मेदिनीपुर में शनिवार को आयोजित होने वाली रैली से पहले हुआ है।

**पीएसआई भर्ती घोटाला**

### सरकार ने दी अमृत पॉल पर मुकदमा चलाने की अनुमति



**बेंगलुरू ,03 दिसंबर 2022(ए)।** कर्नाटक सरकार ने पीएसआई भर्ती घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार एडीजीपी अमृत पॉल पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। चूंकि आरोपी एक आईपीएस अधिकारी हैं, इसलिए कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए सरकार की सहमति आवश्यक थी। सीआईडी ने जेल में बंद आईपीएस अधिकारी के खिलाफ 1,406 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। अमृत पॉल एडीजीपी स्तर के पहले वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्हें पीएसआई घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

### हिमाचल के चंबा में 3.4 तीव्रता के भूकंप का झटका

**शिमला,03 दिसंबर 2022(ए)।** प्रदेश के चंबा और इसके आसपास के जिलों में शुक्रवार देर रात 3.4 तीव्रता का भूकंप आया लेकिन इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष




सचिव सुदेश मोकटा ने बताया कि भूकंप का केंद्र चंबा जिले में तिस्सा के पास धार मक्कान था। कुछ सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए और लोग घरों से बाहर आ गए।

# मतदान को लेकर शहरी वोटरों में नहीं दिखा उत्साह

**नई दिल्ली ,03 दिसंबर 2022 (ए)।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि पहले चरण के मतदान में गुजरात के कई निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई, लेकिन सूरत, राजकोट और जामनगर जैसे प्रमुख जिलों में मतदान के प्रति शहरी उदासीनता के कारण समग्र मतदान कम हुआ।
शिमला शहर में सबसे कम मतदान पिछले महीने हुए विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में भी कई मतदाताओं ने मतदान केंद्रों से किनारा कर लिया। शिमला की शहरी विधानसभा सीट ने राज्य में सबसे कम 62.53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया, जो राज्य के औसत 75.6 प्रतिशत से 13 प्रतिशत कम है।

### गुजरात में भी मतदान को लेकर दिखी उदासीनता

चुनाव आयोग ने कहा कि गुजरात के शहरों ने भी मतदान के प्रति शहरी उदासीनता का रुझान दिखाया है, जिससे पहले चरण में समग्र मतदान में कमी आई है। आयोग ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सूरत, राजकोट और जामनगर में मतदान कुल 63.3 प्रतिशत से कम था।
लोगों से मतदान करने की अपील मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुजरात के मतदाताओं से 5




दिसंबर को दूसरे चरण के मतदान के दौरान बड़ी संख्या में बाहर आने की अपील की, ताकि पहले चरण में कम मतदान की भरपाई की जा सके। अब 2017 के मतदान प्रतिशत को पार करने की संभावना उनकी बढ़ी हुई भागीदारी पर निर्भर करती है।

### गांधीधाम सीट पर सबसे कम मतदान

चुनाव आयोग के अनुसार, कच्छ जिले की गांधीधाम सीट, जिसमें औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं, ने सबसे कम मतदान प्रतिशत 47.8 प्रतिशत दर्ज किया, जो 2017 के मतदान से 6.34 प्रतिशत अंक की तेज गिरावट है। नवीनतम मतदान एक नया कम था। दूसरा सबसे कम मतदान सूरत के करंज निर्वाचन क्षेत्र में हुआ, जो 2017 में अपने ही कम 55.91 प्रतिशत से 5.37 प्रतिशत अंक कम था।
ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदान में अंतर
ग्रामीण और शहरी निर्वाचन क्षेत्रों के बीच मतदान में अंतर दिखाई दिया। नर्मदा जिले के देदियापाड़ा के ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र (82.71 प्रतिशत) और गांधीधाम की शहरी सीट (47.86 प्रतिशत) के बीच 34.85 प्रतिशत अंक का अंतर है। इसके अलावा, महत्वपूर्ण शहरी क्षेत्रों में औसत मतदान ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तुलना में कम है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मतदान

आयोग ने कहा, कई जिलों के भीतर, ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों ने शहरी निर्वाचन क्षेत्रों की तुलना में बहुत अधिक मतदान किया है। उदाहरण के लिए, राजकोट में, सभी शहरी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान में गिरावट देखने को मिला है।

### कम मतदान वाले केंद्रों की हो रही पहचान

सीईसी कुमार शहरी मतदाताओं और युवाओं द्वारा मतदान के प्रति उदासीनता के मुद्दे को दूर करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वे राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से कम मतदान प्रतिशत वाली सीटों और मतदान केंद्रों की पहचान करने का आग्रह कर रहे हैं, ताकि मतदाताओं तक पहुंचकर जागरूकता बढ़ाने और शहरी उदासीनता की जकड़ को तोड़ने के लिए लक्षित हस्तक्षेप सुनिश्चित किया जा सके।

# चुनाव के पहले पुलिस को मिला 500 पेटी अवैध शराब

### बीजेपी ने कांग्रेस प्रत्याशी पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली ,03 दिसंबर 2022(ए)।** गुजरात में दूसरे और आखिरी चरण के मतदान से ठीक कुछ घंटे पहले पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है. ये शराब दक्षिण गांधीनगर से बरामद की गई है. इस इलाके से अल्पेश ठाकोर बीजेपी के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं. माना जा रहा है कि ये शराब वोटर्स के बीच बांटी जानी थी, इससे पहले पुलिस ने छापा और शराब को बरामद कर लिया. बताते चलें कि गुजरात में शराब पर बैन है. चुनाव में भी अवैध शराब का मुद्दा छाया रहा है. पिछले दिनों अवैध शराब पीने से कई लोगों की मौतें होने से सरकार भी कठघरे में खड़ी हो गई थी. अब चुनाव से पहले फिर गुजरात में शराब बरामद से राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं. बीजेपी ने कांग्रेस उम्मीदवार पर लगाया आरोप



गुजरात पुलिस ने बताया कि 500 से ज्यादा शराब की पेटियां बरामद की हैं. दक्षिण गांधीनगर वह जगह है, जहां अल्पेश ठाकोर बीजेपी के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं. बीजेपी प्रत्याशी अल्पेश ठाकोर ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है. सूत्रों का कहना है कि यह शराब कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी हिमांशु पटेल के भतीजे के घर से बरामद हुई है.

### कांग्रेस के कारनामे बोलते हैं

इससे पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बीजेपी मतदाताओं को शराब बांट रही है. अब बीजेपी नेता अल्पेश ठाकोर ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी के भतीजे के घर से शराब बरामद हुई है. कांग्रेस वाले गलत काम खुद करते हैं और नाम हमारा लगाते हैं. कांग्रेस वालों के कारनामे बोलते हैं. उनके भतीजे से घर से शराब बरामद हो रही है और आरोप हम लोगों पर लगा रहे हैं. कांग्रेस अपनी हार नजदीक देखकर वोटर्स को लालच देने की कोशिश कर रही है. वे युवाओं को बर्बाद करना चाहते हैं. गुजरात की जनता अब कांग्रेस को सबक सिखाएगी.
5 दिसंबर को दूसरे चरण की वोटिंग गुजरात में 182 सीटों पर विधानसभा चुनाव हो रहा है. राज्य में पहले चरण में 89 सीटों पर 1 दिसंबर को मतदान हो गया है. अब दूसरे चरण में 93 सीटों पर 5 दिसंबर को वोटिंग होगी, जबकि गुजरात चुनाव के नतीजे हिमाचल प्रदेश के साथ ही 8 दिसंबर को आएंगे. इस बार 51782 पोलिंग स्टेशन्स पर 4.9 करोड़ वोटर वोट डालेंगे. इस बार गुजरात में 3,24,422 नए वोटर जोड़े गए हैं.

### रिश्वतखोर अभियंता के घर छापेमारी में मिले नोटो का भंडार



**पटना ,03 दिसंबर2022(ए)।** बिहार के पटना में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता संजीत कुमार को दो लाख रुपये रिश्वत लेते निगरानी विभाग की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद छापेमारी में उनके आवास से बड़ी मात्रा में नकद और आभूषण बरामद किए गए हैं। अभी भी तलाशी अभियान जारी है। तलाशी में कई दस्तावेज और बैंक खातों का ब्योरा भी मिला। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के एक अधिकारी ने आज बताया कि सगुना मोड़ के रहने वाले आनंद कुमार ने शिकायत की थी कि भवन निर्माण विभाग में कराए गए तीन कार्यों का करीब 18 लाख रुपए का भुगतान बाकी है, जिसके भुगतान के लिए कार्यपालक अभियंता संजीत कुमार रिश्वत की मांग कर रहे। जांच में मामले को सत्य पाए जाने के बाद ब्यूरो द्वारा एक टीम का गठन किया गया और शिकायतकर्ता द्वारा दो लाख रुपए रिश्वत लेते अभियंता को गर्दनीबाग स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## नौसेना में शामिल होंगी 341 महिला नाविक

**आने वाले साल से महिलाओं के लिए खुलेंगे सभी ब्रांच**

**नई दिल्ली ,03 दिसंबर 2022(ए)।** भारतीय नौसेना पहली बार महिला नाविकों को सर्विस में शामिल करने जा रही है। चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने इसकी जानकारी दी। इंडियन नेवी चीफ ने कहा कि भारतीय नौसेना में 3000 अग्निवीर ज्वाइन कर रहे हैं, जिसमें 341 महिलाएं हैं।



नौसेना चीफ ने कहा कि भारतीय नौसेना में उपलब्ध पदों के लिए अप्लाई करने वाले 10 लाख व्यक्तियों में से 82000 महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि अगले साल से महिला अधिकारियों के लिए सभी ब्रांच को खोल दिया जाएगा।
नेवी चीफ ने कहा था, 'हमें अच्छा रिस्पांस देखने को मिला है. 3000 वैकेंसी के लिए 10 लाख लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें 82,000 महिलाएं थीं। हमें अभी नहीं मालूम है कि उनमें से कितने लोग सभी स्टैंडर्ड को पूरा करने वाले हैं। अभी हमारे पास एजुकेशन और फिजिकल एलिजिबिलिटी के लिए अलग-अलग स्टैंडर्ड नहीं हैं, क्योंकि नौकरी एक ही है।'

## जनकल्याण नगर इलाके के 22 मंजिला इमारत में लगी आग


**मुंबई , 03 दिसंबर 2022(ए)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के मलाड इलाके के जनकल्याण नगर इलाके में स्थित एक इमारत में आज आग लग गई। सूचना मिलते ही पांच दमकलें मौके पर पहुंचीं। कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग की यह घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे हुई। मुंबई के उपनगर मलाड की 22



मंजिला इमारत में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग जनकल्याणनगर स्थित मरीना एनक्लेव की तीसरी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट से शुरू हुई। देखते देखते इस मंजिल से आग की लपटें निकलने लगीं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मौके पर पहुंचीं दमकलों ने मात्र 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग के कारणों की जांच की जा रही है। इसके बाद ही विस्तृत विवरण दिया जाएगा।

## ट्रक में छिपाकर लाया गया 4.55 करोड़ का सोना बीएसएफ ने किया जब्त

**कोलकाता ,03 दिसंबर 2022(ए)।** पश्चिम बंगाल में बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के 145 बटालियन के जवानों ने गुप्त जानकारी के आधार पर भारत-बांग्लादेश के पेट्रापोल सीमा पर 66 सोने की बिस्कुट के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है. उसका एक साथी फरार बताया गया है. ट्रक से जब्त सोने की बिस्कुट का वजन आठ किलो 311.61 ग्राम है. इसकी कीमत 4 करोड़ 54 लाख 97 हजार 753 रुपये बताये गये हैं. तस्करी का यह सोना बांग्लादेश से भारतीय सीमा में लौटे ट्रक में छिपाकर लाया गया था. बीएसएफ सूत्र बताते हैं कि उन्हें खबर मिली थी कि बांग्लादेश से तस्करी का सोना भारतीय सीमा में लाया गया है.



इस जानकारी के बाद बांग्लादेश से पिछले एक से दो दिनों में पोट्रापोल में आयी हुई सभी ट्रकों की तलाशी अभियान शुरू किया गया. इसी तलाशी अभियान के दौरान एक ट्रक से कुल 66 सोने की बिस्कुट जब्त की गयी. इसके बाद बीएसएफ के जवानों ने ट्रक के चालक को पकड़कर सोने की बिस्कुट के साथ स्थानीय कस्टम विभाग के अधिकारियों के हवाले कर दिया गया. इसे भारतीय सीमा में किसके हवाले करना था, इस बारे में पकड़े गये आरोपी से पूछताछ की जा रही है. बीएसएफ की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है. ऐसे में अब तक बीएसएफ ने कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है.

# दिल्ली दंगे से जुड़े एक मामले में उमर खालिद और खालिद सैफी हुए बरी



**नई दिल्ली ,03 दिसंबर -2022(ए)।** उमर खालिद और खालिद सैफी को दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में करकार्डोमा कोर्ट ने शनिवार को बरी कर दिया। हालांकि दिल्ली पुलिस ने खालिद की अंतरिम जमानत की अर्जी का कड़ा विरोध किया था, और चेताया था कि खालिद की रिहाई से समाज में अशांति पैदा हो सकती है।
खालिद ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत के समक्ष अपनी बहन की शादी के लिए दो सप्ताह की अंतरिम जमानत के लिए अर्जी दायर की थी जिसपर कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब दाखिल करने को कहा था।

### दिल्ली पुलिस ने अर्जी का किया था विरोध

दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) एल एम नेगी की ओर से दायर जवाब में पुलिस ने कहा कि 28 दिसंबर को खालिद की बहन की शादी से संबंधित तथ्यों का सत्यापन किया गया है। पुलिस की ओर से जवाब में कहा गया है, ''हालांकि, विवाह के तथ्य के सत्यापन के बावजूद याचिकाकर्ता की अंतरिम जमानत का कड़ा विरोध किया जाता है, क्योंकि वह गैर-कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत बहुत गंभीर आरोपों का सामना कर रहा है और उसकी नियमित जमानत अर्जी इस (निचली) अदालत द्वारा खारिज कर दी गई है, साथ ही दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने इस बाबत उसकी अपील भी खारिज कर दी है।÷

### पुलिस को है इस बात का डर

दिल्ली पुलिस ने कहा, चूंकि खालिद की मां एक बुटीक चला रही है और उसके पिता 'वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया' नामक एक राजनीतिक दल का नेतृत्व कर रहे हैं, ऐसे में वे शादी की व्यवस्था करने में सक्षम हैं। दिल्ली पुलिस ने अपने जवाब में कहा है, ''याचिकाकर्ता की (संभावित) रिहाई का इसलिए भी विरोध किया जाता है, क्योंकि वह अंतरिम जमानत अवधि के दौरान सोशल मीडिया के इस्तेमाल से गलत सूचना फैला सकता है और इसे आगे रोका नहीं जा सकता। इससे समाज में अशांति पैदा होने की आशंका है और वह गवाहों को भी प्रभावित कर सकता है।''
उमर खालिद के खिलाफ आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम के तहत केस दर्ज है और फरवरी 2020 के दंगों में कथित तौर पर मास्टरमाइंडिंग के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों को बुक किया गया था, जिसमें 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हो गए थे। सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान व्यापक हिंसा भड़क गई थी। सितंबर 2020 में दंगों के मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए खालिद भी जेएनयू सेडिशन केस में शामिल थे।




## मुंबई में 2 जनवरी तक कर्फ्यू जैसी पाबंदी!

**मुंबई , 03 दिसंबर 2022(ए)।** मुंबई में अगले साल 2 जनवरी तक कर्फ्यू जैसी पाबंदियों को लेकर पुलिस ने अब बयान दिया है। सफाई देते हुए मुंबई पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में शुक्रवार को आई पाबंदियों वाली खबरें कोई नये आदेश का हिस्सा नहीं है। यह एक नियमित आदेश है जो हर 15 दिन में रिन्यू होता है। दरअसल, शुक्रवार को पुलिस ने आदेश जारी किया था कि मुंबई शहर में 2 जनवरी तक पाबंदियां रहेंगी। जिसमें पांच से अधिक लोगों के एक साथ इकट्ठा होने पर मनाही है। धारा 144 लगाते हुए पुलिस ने आदेश में कहा था कि रैली और प्रदर्शन की भी इजाजत नहीं होगी।मुंबई शहर में धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगाए जाने की खबरों पर मुंबई पुलिस ने कहा कि यह एक आदेश है जिसे हर 15 दिनों में नवीनीकृत किया जाता है और अभी इसे 17 दिसंबर तक नवीनीकृत किया गया है। क्या यह आदेश अगले 17 दिसंबर के बाद भी जारी होगा, इस पर मुंबई पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस पर बाद में विचार किया जाएगा। अभी तक ऐसा कोई आदेश नहीं मिला है कि 2 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया जाए।
रिपोर्ट में मुंबई पुलिस के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि मुंबई पुलिस ने एक स्पष्टीकरण भी जारी किया। जिसमें कहा गया है, ÷उपरोक्त नियमित आदेश हैं जो मुंबई पुलिस द्वारा साल भर जारी किए जाते हैं।÷ 25 अक्टूबर को भी महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत गैरकानूनी विधानसभा के नियमित आदेश का नवीनीकरण किया गया था। जिसकी एक प्रति लीक हो गई थी और इसी तरह का भ्रम पैदा हो गया।

**भोपाल गैस काण्ड के 38 साल बाद मिला**

## सांस की बीमारी का पहला अस्पताल



**भोपाल , 03 दिसंबर 2022(ए)।** भोपाल गैस त्रासदी 2-3 दिसंबर 1984 की दरमियानी रात काल बनकर आई थी। यूनियन कार्बाइड के कारखाने से रिसी जहरीली गैस ने हजारों लोगों को मौत की नींद सुला दिया था। सरकारी आंकड़े करीब तीन हजार लोगों की मौत बताती है पर लोगों का दावा है कि हादसे में उस दिन करीब 16 हजार लोगों की मौत हुई थी। जिसका असर आज भी सांस की बीमारी के रूप में देखने को मिल रहा है।
भोपाल गैस त्रासदी के 38 साल बाद मरीजों को सांस की बीमारी का पहला अस्पताल मिला है। कुछ माह पहले शहर के ईदगाह हिल्स में रीजनल इंस्टीट्यूट फॉर रेस्पिरेटरी डिजीज की स्थापना की गई। यहां हर दिन करीब 150-200 मरीज आते हैं। इनमें से तीन से पांच फीसदी मरीज जहरीली गैस से प्रभावित होते हैं।
मई में तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान की आधारशिला रखी। इसके बाद टीबी अस्पताल परिसर में एक अलग श्वसन विभाग स्थापित किया गया। विभाग ने फेफड़ों के कैंसर, श्वसन रोगों और खराटें की जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की।
केंद्र सरकार ने विभाग के नए भवन के निर्माण के लिए लगभग 56 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। अनुमान है कि दो साल बाद एक ही छत के नीचे वेंटीलेटर, एक्स-रे, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, दवा समेत अन्य सुविधाएं यहां उपलब्ध होंगी।

CMYK

# संपादकीय

## यात्रा में सहयोगियों का साथ मिल रहा

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में सहयोगी पार्टियां खुल कर साथ दे रही हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा जिन राज्यों से गुजरी वहां की सहयोगी पार्टियों ने तो साथ दिया ही लेकिन जहां यात्रा नहीं जा रही है वहां की सहयोगी पार्टियों के नेता भी यात्रा में शामिल हो रहे हैं। पहले ऐसा लग रहा था कि जिन राज्यों में यात्रा नहीं जाएगी वहां की यूपीए की सहयोगी पार्टियां यात्रा को सिर्फ नैतिक समर्थन देंगी। लेकिन जैसे जैसे भारत जोड़ो यात्रा आगे बढ़ी और इसे रिस्पांस मिला उसके बाद लगता है कि सहयोगी पार्टियों की राय बदली और उन्होंने यात्रा के खुला समर्थन देने का फैसला किया।

कांग्रेस की एक बड़ी सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने नेता को यात्रा में शामिल होने के लिए भेजा। ध्यान रहे भारत जोड़ो यात्रा झारखंड नहीं जा रही है। इसलिए झारखंड कांग्रेस के नेता यात्रा में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश पहुंचे थे। उसी समय कांग्रेस की सहयोगी जेएमएम ने अपने वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को यात्रा में शामिल होने के लिए भेजा। यात्रा से अलग राहुल गांधी ने झारखंड कांग्रेस और जेएमएम के नेताओं के साथ तस्वीर खिंचवाई और उसे सोशल मीडिया में जारी किया गया। गौरतलब है कि झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से जेएमएम की सरकार है और हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं।

इसी तरह कांग्रेस की यात्रा गोवा भी नहीं जा रही है लेकिन गोवा में कांग्रेस की सहयोगी गोवा फॉरवर्ड पार्टी के प्रमुख विजय सरदेसाई ने मध्य प्रदेश में यात्रा ज्वाइन की। उनके साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए और उन्होंने राहुल की यात्रा की जम कर तारीफ की। ध्यान रहे गोवा फॉरवर्ड पार्टी पहले भाजपा की सहयोगी थी। लेकिन पिछले चुनाव से पहले भाजपा द्वारा पार्टी तोड़े जाने से नाराज सरदेसाई ने कांग्रेस के साथ तालमेल कर लिया था।


बहरहाल, जिन राज्यों से कांग्रेस की यात्रा गुजरी वहां की सहयोगी पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल हुए और राहुल के साथ पैदल चले। तमिलनाडु के कन्याकुमार से यात्रा शुरू हुई थी तो राज्य में सत्तारूढ़ डीएमके के नेता और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसके बाद केरल में भी कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल हुए। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस के पास कोई सहयोगी नहीं है। लेकिन यात्रा जब महाराष्ट्र पहुंची तो शुरुआती अगर मगर के बाद दोनों सहयोगी पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल हुए। एनसीपी की ओर से पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले सहित कई बड़े नेता शामिल हुए। शिव सेना की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने यात्रा में हिस्सा लिया। सुप्रिया सुले तो महाराष्ट्र में हुई कांग्रेस की रैली में भी शामिल हुईं।

# जनता की अध्यक्षता:क्यों जी 20 भारत, प्रत्येक नागरिक के लिए मायने रखता है?

भारत के राजनयिक संबंधों के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत ने '20 का समूह' (जी20), जो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का अंतर सरकारी मंच है, की अध्यक्षता ग्रहण की है। 1999 में स्थापित, यह समूह, दुनिया की कुल आबादी का दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। आसान शब्दों में कहें, तो जी20 वैश्विक नीति के संदर्भ में सबसे मजबूत राजनीतिक प्रभाव रखता है, जिसकी वजह से यह समूह वर्तमान के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों - सतत विकास लक्ष्य, जलवायु कार्रवाई, खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियाँ, डिजिटल बदलाव आदि - पर विचार-विमर्श करने का प्रमुख मंच बन गया है।

जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी - मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी - वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केन्द्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख - जी20 का अब तक का सबसे बड़ा - अगले साल सितंबर में नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख होने की है।

जी20 के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है, जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी व्यापक प्रभावों के बीच कोविड-19 महामारी ने हमारी प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। इस संबंध में, भारत की अध्यक्षता के एजेंडे के लिए जलवायु कार्रवाई एक विशिष्ट प्राथमिकता है, जिसमें न केवल जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए ऊर्जा स्रोतों में न्यायसंगत बदलाव सुनिश्चित करना भी शामिल है। भारत के सामने बिना कार्बन उत्सर्जन किये औद्योगीकरण करने की अनोखी चुनौती है। भारत हरित हाइड्रोजन का व्यापक विस्तार कर रहा है और देश ने 2047 तक 25 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इसे आने वाले वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी का निर्यातक बना सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जलवायु परिवर्तन उद्योग, समाज और अन्य क्षेत्रों को समान रूप से प्रभावित करता है, भारत ने दुनिया के सामने 'लाइफ' (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट; पर्यावरण के लिए जीवन-शैली) का विकल्प रखा है - एक व्यवहार-आधारित आंदोलन, जो




हमारे देश की समृद्ध व प्राचीन सतत परंपराओं पर आधारित है तथा जो उपभोक्ताओं और बाजार को पर्यावरण के प्रति जागरूक तौर-तरीकों को अपनाने के लिए से प्रेरित करती है।

कोविड-19 महामारी ने विकास से जुड़ी प्रगति को वर्षों पीछे धकेल दिया है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अधिक आवश्यक सार्वजनिक-स्वास्थ्य और खाद्य संकटों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पृष्ठभूमि में रख दिया है। राष्ट्राध्यक्षों के समूह के रूप में, जी20 को एसडीजी हासिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ और तीव्र करना चाहिए - जो लोगों के लिए एक बेहतर, स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समृद्ध विश्व का वादा करते हैं। वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए, विश्व को समसामयिक संस्थानों की आवश्यकता है, जो विविधतापूर्ण व आगे बढ़ती हुई दुनिया की आधुनिक वास्तविकताओं को न्यायसंगत और प्रभावी रूप से प्रतिबिंबित करने में सक्षम हों। भारत की जी20 प्राथमिकता 'सुधार के साथ बहुपक्षवाद' के प्रति दबाव बनाये रखने की होगी, जो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को अधिक उत्तरदायी और समावेशी बनाते हैं।

भारत सरकार सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए डिजिटल तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही है। जी20 की अध्यक्षता, भारत को अपना ज्ञान दुनिया के साथ साझा करने का अवसर देती है। दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आईडी प्रणाली (आधार) को सफलतापूर्वक लागू करने और 2014 तथा 2022 के बीच प्रत्यक्ष लाभ अंतरण में 50 गुनी वृद्धि के साथ, भारत डिजिटल सार्वजनिक हितों और विकास के लिए डेटा के उपयोग के संबंध में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाने की केन्द्रीय स्थिति में है। अक्टूबर 2022 में, भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) ने 7 बिलियन लेनदेन पूरे किये - एक दिन में 230 मिलियन लेनदेन के बराबर ङ्क जो दर्शाता है कि इतने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेश मॉडल को शुरू करना और सफलतापूर्वक लागू करना भी संभव है। जी20 नेतृत्व प्रदान करने के साथ, भारत प्रौद्योगिकी के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति अपने विश्वास को आगे बढ़ा सकता है और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना, वित्तीय समावेश तथा तकनीक-सक्षम विकास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों समेत कृषि से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्रों में अधिक से अधिक ज्ञान-साझाकरण की सुविधा प्रदान कर सकता है। विशेष रूप से, भारत के जेएएम ट्रिनिटी जैसे वित्तीय समावेश के कार्यक्रमों ने देश की महिलाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय स्वायत्तता प्रदान की है, जिससे वे अपने घरों के निर्णय लेने में सक्रिय भागीदार बन गयी हैं ङ्क 56 प्रतिशत बैंक खाताधारक अब महिलाएं हैं, पहले 23 करोड़ महिलाओं को बैंक-सुविधा नहीं थी, लेकिन अब उनके पास बैंकों में अपने खाते हैं।

2023 भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक स्वर्णिम वर्ष सिद्ध होने वाला है, लेकिन नीतिगत फ्रेमवर्क को सर्वसम्मति से अंतिम रूप देने का कार्यादेश आसान नहीं है। विश्व व्यवस्था का तेजी से ध्रुवीकरण हो रहा है, रूस-यूक्रेन संघर्ष के साथ व्यापक विकास एजेंडा कमजोर हो रहा है; दुनिया की महाशक्तियों के बीच भू-राजनीतिक संबंध अधिक तनावपूर्ण हो रहे हैं - इन सबके बीच राष्ट्र को जी20 की अध्यक्षता मिल रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आसन्न मंदी और अब तक के सबसे अधिक वैश्विक-ऋण को लेकर आशंकित है और कई देश कमजोर होती खाद्य सुरक्षा और बाधित आपूर्ति श्रृंखलाओं का सामना कर रहे हैं। इस माहौल में, भारत के पास एकता और सद्भाव के सूत्रधार के रूप में उभरने का अवसर है। बाली में 20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने जी20 विज्ञप्ति के मसौदे पर आम सहमति बनाने में अपरिहार्य भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री के शब्द आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए सीधे राजनेताओं के घोषणापत्र में परिलक्षित हुए, जो निर्णय गतिरोध को तोड़ने में सफल हुआ और जिससे शांति के पक्षधर के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई।

चूँकि शक्ति के पुराने केंद्र; गुणात्मक आर्थिक और सामाजिक विकास वाले युवा, जीवंत राष्ट्रों को जवाबदेही सौंप देते हैं, इसलिए भारत की महत्वाकांक्षी व कार्रवाई-उन्मुख अध्यक्षता में इस उच्च-स्तरीय गठबंधन को, विकासशील तथा अल्प-विकसित देशों के हितों और जरूरतों के अनुरूप, तैयार किया जा सकता है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलना जारी रखेगा, यह याद रखते हुए कि हमारे प्रयास एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप होने चाहिए।

लेखक भारत सरकार के जी20 शेरपा हैं। वे नीति आयोग के पूर्व सीईओ हैं।


-अमिताभ कांत-

# तथ्यहीन विश्वास:कैसे मिले सच्चा मोक्ष?

तथ्यहीन विश्वास इंसान का वक्त बर्बाद करता है अच्छा खासा धन भी खर्च करा देता है। कर्म की बजाए धर्म के पीछे भागने वालों ने अंधश्रद्धा का व्यवसाय करने वालों के हौसले बुलंद कर रखे है। आखिर कब लोग विवेकशील होंगे? ऐसी कई घटनाएं होती रहती है जो तथ्यहीन विश्वास के वशीभूत होकर जनता उन पर अपना पैसा बर्बाद करने पर तुल जाती है और धर्म के नाम पर होने वाले नागरिकों को लूटने वाले हमारे देश के कोने-कोने में व्याप्त है। वेश बदलकर भीख मांगने वाले की संख्या हमारे देश में इतनी ज्यादा है कि हर जगह घर परिवार को छोड़कर सन्यासी बन जाना आम बात हो गई है। देश में ज्यादातर झगड़े धर्म के नाम पर होते हैं। हमारा सनातन धर्म क्या आपस में लड़ना सिखाता है? ऐसे कई शासकों ने भारत पर हमला करके मंदिरों को नष्ट किया था जो हमारी संस्कृति की छत्रछाया को धूमिल कर दिया। राजाओं ने भी इतने गलत काम किए उनके लिए उनके पूर्वजों ने जो शिक्षा दी थी उसका उन्होंने काफी दुरुपयोग किया। शिक्षा पर अमल करने वाले लोगों की समाज में कमी हो गई है मंदिर मस्जिद के नाम पर लड़ने वाले लोग आजकल केवल एक दूसरे को लड़ाने में लगे रहते हैं। लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए ना जाने कितने तीर्थ स्थान और नदियों में स्नान करते हैं, लेकिन उनकी गंदी सोच को क्या वह तार सकते हैं? लोग चाहे कितना भी गलत काम कर ले अंत में वह नदी के मुहाने पर अपने गलत कर्मों की मुक्ति के लिए मिल जाते हैं पाप धोने के लिए।

यदि किसी को सच्चा भक्त बनना है तो अपनी बुराइयों का त्याग करना होगा। जो धन आप मूर्तियों पर चढ़ाते हैं वह पुजारी लेता है तो भगवान तक वह पैसे कैसे पहुंचेंगे? जो लोग धर्म के नाम पर लड़ते हैं क्या वह अपनी बुराइयों को त्याग पाते हैं? यदि वह अपनी बुराइयों को त्याग नहीं पाते तो मंदिर क्यों जाते हैं? कुछ लोग झाड़-फूंक के चक्कर में इस तरह पड़ जाते हैं कि यदि कोई गंभीर बीमारी भी हो तो सबसे पहले ओझा के पास जाना उचित समझते हैं। यह समस्या अक्सर बिना पढ़े लिखे लोग और गांव के लोगों में अधिकतर पाई जाती है आजकल पढ़े लिखे लोग भी इन सब जंजाल में फंस कर रह जाते हैं। धर्म के ठेकेदारों ने धर्म का सहारा लेकर अपनी जेब भरने का ही हमेशा प्रयास किया है। पंडित प्रवचन देते रहते हैं और लोग उसे सुनते रहते हैं पर उस पर अमल कोई नहीं करना चाहता है, जबकि देखा जाए तो लोग धर्म का पालन करने वाले होते तो आज जाति भेद ना होता। अक्सर इलाज के अभाव में मृत्यु दर इतनी बढ़ गई है फिर भी इंसान ढकोसला में फंसा रह जाता है और इसमें ज्यादातर महिलायें भोलेपन के कारण ठग जाती है।

कर्मकांड पुरोहित, मौलवी या पादरी भोली भाली जनता को झंझावात में फंसा कर सच्ची श्रद्धा से वंचित कर देते हैं। अपने झांसे में फंसाकर जनता से पैसे ऐठने वाले, धर्म की दुकान खोलने वाले इस तरह के पाखंडी आपको जगह-जगह मिल जाएंगे जो आपके हितों का हवाला देकर तथ्यहीन का जाल बुन देते हैं। अक्सर दानपात्र में जो पैसे डाले जाते हैं उन पैसों का इस्तेमाल मंदिर के लंगर के काम आता है, लेकिन मूर्ति पर चढ़ाए हुए पैसे को पुजारी अपने पास रख लेते हैं। सोचने वाली बात है कि ऐसे कौन से भगवान हैं जो पैसे से प्रसन्न होते हैं? लोग मंदिरों पर 10 रुपये 20 रुपये चढ़ा कर इतना खुश होते हैं जैसे उन रुपयों से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाएंगी!! अगर धर्म में जाति भेद सिखाया जाता तो मीरा विशाल राज महल छोड़कर रविदास के पास दीक्षा लेने नहीं जाती? साधु महात्मा युगो युगो तक माला फेरते रहते हैं लेकिन उनका मन शुद्ध होगा इसकी क्या गारंटी है? क्या माला के फिरने से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है? कितने साधु महात्माओं ने सन्यास लिया और तपस्या की लेकिन हर युग गवाह है जब उन्होंने किसी सुंदर स्त्री को देखा तो उनकी तपस्या विफल हुई है। मेनका और अप्सरा पर मिटने वाले इंद्र भी इस जाल में फंसे थे। जब मन में मोह माया रहती है तो घर त्यागने का क्या फायदा है? इंसान अपने कर्मों से महान बनता है। आप भरपेट गरीबों को भोजन करा देते हैं, किसी की तकलीफ में आप सहायता करते हैं, किसी के बुरे वक्त पर आप सहारा बनकर खड़े रहते हैं यही आपका कर्म है और यही सब करके आप मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। दुनियाँ भर के तथ्यहीन विश्वास और रूढ़िवादिता को त्याग कर सत्य को अपनाना चाहिए। लड़ाई झगड़े द्वेष का त्याग करके भाईचारे और प्रेम का संदेश देना चाहिए। दंगा फसाद करके आप एक दूसरे का ही खून करेंगे, इससे आपको किसी प्रकार के फल की प्राप्ति नहीं होगी। आप दुनिया भर के व्यसनों शराब जुआ में लिप्त होकर अपनी जमा की हुई पूंजी को एक झटके में बहा देते हैं, मोटी रकम देकर कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान भी कराते हैं यदि आप उन पैसों का प्रयोग गरीब जनता की सहायता करने में लगाएं और किसी एक बच्चे को पढ़ाने का, किसी राह में पड़े हुए घायल को अस्पताल तक पहुंचाने का कार्य करते हैं और उस के इलाज पर अपना धन लगाते हैं तो आपको उनकी दुआएं मिलेंगी और यही आपकी सच्ची पूंजी होगी और यही आपका कर्मफल होगा और आपको सच्चा मोक्ष भी मिलेगा।



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

# कैसे बनें भारत महान?

आज एक सवाल पूछिए खुद अपने आपसे । कभी मानिए अलादीन का चिराग मिल जाये आपको, और सिर्फ एक ही वरदान मांगने की छूट हो तो क्या मांगेंगे आप उससे ? जीवन की सबसे बड़ी अभिलाषा क्या है आपकी? वो अभिलाषा क्या है जो आपको दिन रात याद आती है, जिसने आपकी नींद चुरा ली है ? अगला सवाल यह है कि जो आप चाहते हैं कि हो जाए, वो ही क्यों चाहते हैं आप? आपकी जो इच्छा है क्यों है वही इच्छा, उसके पीछे का कारण क्या है? क्योंकि अगर ये स्पष्ट हो कि हम जो चाहते हैं, वही क्यों चाहते हैं, तो काम को अंजाम तक पहुंचाने का रास्ता निकल ही आता है तो समझना ये है कि आपके लिए कामयाबी का मतलब क्या है? क्या बदल जाएगा जब आप कामयाब हो जाएंगे? इन सवालों का सही-सही उत्तर दीजिए, खुद को जवाब दीजिए ताकि आपकी सफलता की राह आसान हो जाए। ये सवाल ऐसे हैं जो आपको, आप से मिलाएंगे। क्या आप महत्वाकांक्षी हैं, और सफल हैं पर सफल होने के बावजूद वहां नहीं हैं जहां आप होना चाहते हैं? क्या आप पूर्णतया अनुशासित हैं? जवाब देने से पहले अनुशासन का मतलब भी समझ लीजिए। मान लीजिए कि मुझे कहा जाए कि मैंने पैदल चलते हुए एक नदी पार करनी है जिसका पुल एक किलोमीटर लंबा है। पुल के बीचोंबीच छोटे-छोटे पत्थरों का एक ढेर है, वहां से एक पत्थर उठाना है, नदी में फेंकना है और फिर आगे बढ़ जाना है, और ऐसा सात दिन तक लगातार करना है। अब मैं हर रोज़ पुल पैदल पार करते हुए बीच में पत्थरों के ढेर के पास रुक कर एक पत्थर उठाउंगा और उसे नदी में फेंक कर पुल की बाकी दूरी पार कर लूंगा। मैं एक साथ सात पत्थर नहीं उठाउंगा, हर रोज़ एक-एक पत्थर ही फेंकूंगा और अगर किसी दिन गलती से पत्थर फेंकना भूल गया तो वापिस आउंगा, पत्थर फेंकूंगा और तब समझंगा कि मेरा काम पूरा हुआ, ये नहीं सोचूंगा कि अगले दिन दो बार पत्थर फेंक लूंगा। ये समझना जरूरी है कि इस तरह के अनुशासन के बिना बड़ी सफलता हासिल नहीं हो सकती। अब यह सोचिए कि आप आज कहां हैं, सफलता के किस मुकाम पर हैं। अगर वहां से आगे बढना है और अपनी मंजिल तक पहुंचना है तो सोच बदलनी होगी। इसके लिए आपको विश्लेषण करना होगा कि आपकी असफलता का कारण क्या है? इसे आपसे बेहतर कोई और नहीं जानता। इसलिए आप खुद ही विश्लेषण कीजिए और देखिए कि कौन से ऐसे कारण हैं जो आपको आगे बढने से रोक रहे हैं। क्या आपको टालमटोल की आदत है या आप कई सारे काम एक साथ करना चाहते हैं, यानी फोकस नहीं है। क्या आपके पास पूरा ज्ञान नहीं है या उस काम के लिए आवश्यक हुनर नहीं है? क्या आप सिर्फ सोचते ही रह जाते हैं। और काम शुरू ही नहीं होता? क्या आपको नशे की लत है, क्या आप सोशल मीडिया पर या गप्पों में समय बिता देते हैं, क्या आप कुछ अनचाहे वीडियो देखते रहते हैं या ऐसे किसी साथी के साथ समय बर्बाद करते हैं? अगर आपको खुद में न कोई कमी नजर आती है तो आपने अपने गलत स्वभाव को य बदलने के लिए अब तक क्या किया है? यह भी सोचिए कि क इस दौरान आपने क्या सही कदम उठाए? कौन सी गलतियां कीं? क्या करना चाहिए था जो आपने नहीं किया? अगर आप सफल नहीं हैं इसके कारण आपको कितनी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं, कितना दुख होता है? जो कुछ भी गलतियां हुई क्या आप उन्हें ठीक कर पाए? यदि हां तो कैसे, यदि नहीं तो क्यों? आपका कौन सा फैसला गलत था? क्या नुकसान हुआ गलत फैसले से ? क्या सीखा है आपने उस गलती से क्या कर सकते हैं आप वैसी गलती दोबारा न करने के लिए? आपके गलत फैसले के कारण सफलता असफलता में बदल गई तो क्या महसूस हुआ? आपकी असफलता ने आपको कैसा नुकसान पहुंचाया? ऐसे कौन से कारण हैं जो आपकी सफलता में अड़चन बन रहे हैं? आपकी वर्तमान समस्याएं कितनी पुरानी हैं और आपके अंदाज़े के मुताबिक अभी और कितने समय तक ये समस्याएं बनी रहेंगी ? इन समस्याओं को दूर करने के लिए आपको आज ही क्या करने की जरूरत है ? समझ लीजिए कि डर तो लगेगा ही लगेगा हर नई स्थिति में, डर को ही जोश बना लीजिए। सवाल ये भी है कि क्या आप अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं या किसी खतरे से बचने के लिए काम कर रहे हैं? उदाहरण के लिए अगर आप जॉब में हैं तो क्या आप प्रोमोशन पाने के लिए काम करते हैं या नौकरी बचाए रखने के लिए काम करते हैं? अब सोचिए कि अगर आपके रास्ते से सारी कठिनाइयां हट जाएं तो आपका जीवन कितना बदल जायेगा ? क्या कुछ नयापन होगा उसमें ? समस्या ये है कि लोग दूसरों से तो झूठ बोलते ही हैं पर वो अपने आपसे ही झूठ बोलते रहते हैं । खुद को सच दिखाइये। हैल्थ एंड हैपीनेस गुरू के रूप में मैंने ये महसूस किया है कि डिप्रेशन होता नहीं है । हम शिकायती स्वभाव वाले बन जाते हैं तो धीरे-धीरे सफलता कम होती चलती है और डिप्रेशन की तरफ बढ़ते चले जाते हैं । दरअसल सफल लोग भी कई बार असफल होते हैं, पर वे काम से पीछे नहीं हटते । यह देखिए कि आपने पूरी कोशिश की कि नहीं, जरूरत होने पर मार्गदर्शन लिया कि नहीं, जहां सहायता चाहिए थी वहां सहायता मांगी या नहीं। आज हम इक्कीसवीं सदी में हैं और ये बातें कर रहे हैं कि हमारा देश अपना पुराना गौरव हासिल करेगा, भारत महान है, भारत विश्वगुरू है। भारत महान बने इससे बढ़कर हमारे लिए और क्या खुशी हो सकती है? समझने की बात ये है कि हम सब खुद महान होंगे तो ही भारत महान होगा । 99 प्रतिशत बेईमान, फिर भी मेरा भारत महान व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है । सबको ईमानदार होना पड़ेगा, सबको महान होना पड़ेगा। हम सिर्फ स्वतंत्रता दिवस पर अपने मुंह पर तिरंगा पोत लें और बाकी 364 दिन बेईमान बने रहें तो भारत कभी महान नहीं बनेगा ।

-अजय दीक्षित -

# भारत:हिन्दुस्थान से हिन्दुस्तान तक

प्राचीनकाल से भारतभूमि के अलग-अलग नाम रहे हैं। मसलन जम्बूद्वीप, भारतखण्ड, हिमवर्ष, अजनाभवर्ष, आर्यावर्त, हिन्द, हिन्दुस्तान भारत और इंडिया सोने की चिड़िया, भारतवर्ष ऐसे ही अनेकानेक नामों से जानते हैं। आदिकाल में विदेशी लोग भारत को उसके उत्तर-पश्चिम में बहने वाले महानदी सिंधु के नाम से जानते थे, जिसे ईरानियो ने हिंदू और यूनानियो ने शब्दों का लोप करके इण्डस कहा। भारतवर्ष को प्राचीन ऋषियों ने हिन्दुस्थान नाम दिया था जिसका अपभ्रंश हिन्दुस्तान है।

जब अंग्रेज भारत में आए उस समय हमारे देश को हिन्दुस्तान कहा जाता था। हालांकि, ये शब्द बोलने में उन्हें परेशानी होती थी। जब अंग्रेजों को पता चला कि भारत की सभ्यता सिंधु घाटी है। जिसे इंडस वैली भी कहा जाता है। इस शब्द को लैटिन भाषा में इंडिया कहा जाता है तो उन्होंने भारत को इंडिया कहना शुरू कर दिया। हमारे देश के बदलते नाम का एक इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। कहते हैं कि महाराज भरत ने भारत का संपूर्ण विस्तार किया था और उनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। मध्य काल में जब तुर्क और ईरानी यहां आए तो उन्होंने सिंधु घाटी से प्रवेश किया। वो स का उच्चारण ह करते थे और इस तरह से सिंधु का अपभ्रंश हिंदू हो गया। उन्होंने यहां के निवासियों को हिंदू कहा और हिंदुओं के देश को हिंदुस्तान का नाम मिला।

आगे, आजादी के बाद संविधान सभा में देश के नाम पर सवाल उठा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र बनने की दिशा में बढ़ा ये देश अपना नाम क्या रखेगा। इस दौरान भारत, हिंदुस्तान, हिंद और इंडिया जैसे विकल्पों पर खूब माथापच्ची हुई। 17 सितंबर 1949 को संघ के नाम और राज्यों पर चर्चा शुरु हुई। इस बहस में सेठ गोविंद दास, कमलापति त्रिपाठी, श्रीराम सहाय, हरगोविंद पंत और हरि विष्णु कामथ जैसे नेताओं ने हिस्सा लिया। हरि विष्णु कामथ ने सुझाव दिया कि इंडिया अर्थात् भारत को भारत या फिर इंडिया में बदल दिया जाए। लेकिन उनके बाद सेठ गोविंद दास ने भारत के ऐतिहासिक संदर्भ का हवाला देकर देश का नाम सिर्फ भारत रखने पर बल दिया। इस पर बीच का रास्ता कमलापति त्रिपाठी ने निकाला, उन्होंने कहा कि इसका नाम इंडिया अर्थात् भारत की जगह भारत अर्थात् इंडिया रख दिया जाए। हरगोविंद पंत ने अपनी राय रखते हुए कहा कि इसका नाम भारतवर्ष होना चाहिए, कुछ और नहीं।

वहीं भारत या भारतवर्ष नाम का समर्थन करने वाले ये सारे नेता उत्तर भारत या कहें कि हिंदी पट्टी के थे। जबकि भारत का विस्तार उत्तर में कश्मीर से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक है। संविधान सभा में हर क्षेत्र, हर भाषा के लोग बैठे थे। हिंदी को राजभाषा मानने पर पहले ही बहुत घमासान हो चुका था। ऐसे में विदेशों से संबंधों का हवाला और देश में सबको एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करते हुए संविधान के अनुच्छेद एक में लिखा गया कि इंडिया अर्थात् भारत राज्यों का संघ होगा।



हेमेन्द्र क्षीरसागर
बालाघाट
मध्यप्रदेश

# बेवजह का भाषा विवाद का क्या औचित्य


केंद्र सरकार ने कहीं भी हिंदी ना थोपने का आश्वासन दिया है। लेकिन उससे तमिलनाडु में भावनाएं अगर शांत नहीं हुई हैं, तो इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

ये खबर समाचार एजेंसी एएफपी ने दी है और अगर यह सच है, तो इसे गहरी चिंता का कारण माना जाना चाहिए। क्या सचमुच तमिलनाडु में हिंदी थोपे जाने की धारणा इस हद तक गहरा गई है कि लोग आत्मदाह करने लगे हैं? खबर यह है कि एक बुजुर्ग ने हिंदी भाषा के विरोध में आत्मदाह कर लिया। उनका कहना था कि केंद्र सरकार पूरे देश में हिंदी को थोपना चाहती है, जबकि यह भाषा सिर्फ उत्तर भारत में बोली जाती है। पुलिस के मुताबिक 85 साल के एमवी थांगवेल किसान थे। बीते शनिवार को उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल और केरोसिन छिड़क कर आग लगा ली। थांगवेल ने एक तख्ती अपने हाथ में ले रखी थी जिस पर लिखा था- मोदी सरकार हिंदी थोपना बंद करो। हम तमिल के ऊपर हिंदी को क्यों चुनें? खबरों के मुताबिक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।




उन्होंने अपील की है कि इस मुद्दे पर कोई और अपनी जान ना दे। साथ ही केंद्र के हिंदी थोपने वाले कथित रुख की उन्होंने आलोचना की और कहा कि संकीर्ण मानसिकता से विविधता वाले खूबसूरत देश को ना बिगाड़िए। बताया जाता है कि तमिलनाडु में माहौल पिछले महीने आई इस खबर के बाद गरमाया है कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली एक संसदीय समिति ने हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर आधिकारिक भाषा बनाने की मांग की है। इसमें मेडिसिन और इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी शिक्षा के लिए भी हिंदी को मुख्य माध्यम बनाने की बात कही गई थी। खबरों के मुताबिक थांगवेल तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके पार्टी के सदस्य थे। आशंका यह है कि उनके आत्मदाह की घटना से राज्य में भावनात्मक माहौल और भी ज्यादा सघन हो सकता है। जिस समय देश कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है, किसी राज्य में वैसा माहौल बने- यह कतई उचित नहीं है। केंद्र ने कहीं भी हिंदी ना थोपने का आश्वासन दिया है। लेकिन उससे तमिलनाडु में भावनाएं अगर शांत नहीं हुई हैं, तो इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

## अप्सेंट रहता हूं पर हाजिरी लगती है



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

शासकीय कर्मचारी हूं
निजी काम बहुत रहते हैं
चालू ऑफिस में
छुट्टी करता हूं सेटिंग है
मशीन में अंगूठा भी
लगता है डिजिटल है
अप्सेंट रहता हूं पर हाजरी लगती है
टेबल पर जानबूझकर
फाइलें फैला देता हूं
बाजू वाला बोल देता है
बाबू राउंडपर हैं
रोब जमानें कहता हूं
साहब की केबिन में हूं
अप्सेंट रहता हूं पर हाजिरी लगती है
घर के बहुत अर्जेंट काम रहते हैं
रिश्तेदारी में भी
आना-जाना लगा रहता है
हम सब हमाम में
वो हैं सेटिंग चलती है
अप्सेंट रहता हूं पर हाजरी लगती है
मैं अकेला नहीं
सब करतेहैं सेटिंग चलती है
साहब खुद भी करते हैं
झूठे राउंड चलते हैं
किसी को पता नहीं चलता
सब समझते हैं
अप्सेंट रहता हूं पर हाजिरी लगती है
सरप्राइस चेकिंग में
टांग भी फंसती है
फिर भी धीरे से सेटिंग होती है
जनता को दिखाने
बोगस केस होते हैं
अप्सेंट रहता हूं पर हाजिरी लगती है

## खुशियों के दो पल



रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं
बिलासपुर
हिमाचलप्रदेश

दुनियाँ भर के गम हैं इस ज़माने में
बहुत वक्त लगता है दिल को
समझाने में
हो जाती है ऐसी गलती किसी से
अनजाने में
आंख उठाकर नहीं चल सकता फिर
ज़माने में
ज़िन्दगी एक बार ही मिलती है
मुस्कुरा के जिओ
खुशियों के दो पल भी मिल जाएं
वही तुम्हारे अपने हैं
बांटने की कोशिश करो दुख को
दूसरे के दुआएं मिलेंगी
पूरे होंगे सभी जो बुने तुमने सपने हैं
किसी के चेहरे पर
खुशी का कारण बनो
बेकार समय मत बर्बाद करो
आपस में मत लड़ो
ज़रूरतमंद के काम आओ
मन को शांति मिलेगी
प्यार बांटो नफरत के चक्कर में
मत पड़ो
किस्मत वाले ही
वह खुशनसीब होते हैं
मुकाबला करते हैं
जो ज़िन्दगी के तूफानों का
खुशियां सब को
नसीब नहीं होती है ज़िन्दगी में
कत्ल हो जाता है
कई बार दिल के अरमानों का

## जोश



प्रीति चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

जोश रखो मन में तुम जिंदा,
काज सफल हो जाना है।
छोटा सा यह जीवन साथी
माटी में मिल जाना है।
आस दीप जलते हैं पथ में
मिटते हैं फिर अंधियारे।
बैठो सदा जीत के रथ में
मत बैठो मन को मारे।।
जहाँ ढलेगी साँझ एक दिन
सूर्य वहीं उग आना है।
जोश रखो मन में तुम जिंदा
काज सफल हो जाना।
अधरों पर मुस्कान सजा ले
अश्रु-धार क्यों बहती है।
दुख सुख जो हो गले लगा ले,
यही जिंदगी कहती है।।
नव वसंत आएगा फिर से
उर को यह समझाना है।
जोश रखो मन में तुम जिंदा
काज सफल हो जाना है।
सुख दुख दोनों आते पल पल
मत उदास मन को करना।
नदिया बनकर चलना अविरल
चट्टानों से क्या डरना।।
कर निनाद तू आह्लादित हो
सरगम गीत सजाना है।
जोश रखो मन में तुम जिंदा
काज सफल हो जाना है।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कमिश्नर ने किया दरिमा सड़क नवीनीकरण कार्य व एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का निरीक्षण

» इसी दिसंबर माह तक रन-वे का काम पूरा कराने के निर्देश

» सभी उपार्जन केंद्र में सेन्सरयुक्त मॉइश्चर मशीन से होगी नमी जांच





- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा कमिश्नर डॉ संजय कुमार अलंग ने आज कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के साथ दरिमा सड़क नवीनीकरण कार्य, मां महामाया एयरपोर्ट, जल जीवन मिशन कार्य तथा धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मां महामाया एयरपोर्ट में चल रहे उन्नयन कार्य का अवलोकन कर रन-वे का कार्य इसी दिसम्बर माह तक पूरा कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में किसानों द्वारा बिक्री के लिये लाये जा रहे धान की नमी की जांच हेतु सभी उपार्जन केन्द्रों में सेंसरयुक्त आर्दतामापी यंत्र उपलब्ध कराते हुए नमी जांच के निर्देश दिए।

कमिशनर ने एयरपोर्ट के उन्नयन कार्य की अब तक कि प्रगति,विस्तार तथा लागत इत्यादि की जानकारी अधिकारियो से ली। उन्होंने अधिकारियों को नियमियत निरीक्षण करने तथा कंसल्टेंट के तकनीकी सपोर्ट के साथ समय पर काम पूरा कराने के निर्देश दिए। टर्मिनल बिल्डिंग के कार्य मे प्रगति लाने के लिए भी उन्होंने जरूरी निर्देश दिए।

बताया गया कि अभी रन-वे में डामरीकरण अंतर्गत पहले लेयर का काम चल रहा है। डामरीकरण में सीआरएमबी बीजी-40 डामर का प्रयोग किया जा रहा है जो तापमान के अनुसार सामंजस्य कर लेता है। टर्मिनल बिल्डिंग का उन्नयन कार्य करीब एक करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से की जाएगी। पर्यटन स्थल है लेकिन काम करना पड़ेगा-कमिशनर ने दरिमा के जूनापारा मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये जा रहे जल जीवन मिशन अंतर्गत नल -जल के कार्य का निरीक्षण किया। नल में पानी सप्लाई की जांच की और जंक्शन पाईप तथा टंकी निर्माण के बारे मे अधिकारियो से पूछ .ताछ की। जल जीवन मिशन के तहत नल-जल कार्य की धीमी प्रगति पर विभाग के कार्यपालन अभियंता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरगुज़ा बेशक पर्यटन स्थल है इसका मतलब यह नही की भ्रमण में ही व्यस्त रहें जो काम दिया जाता है उसे समय पर पूरा करना भी होता है। उन्होंने अब तक टेंडर लगाने में हुई देरी पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र टेंडर लगाने के निर्देश दिए। पहले धान को पहचाने- कमिश्नर डॉ अलंग ने उपार्जन केंद्र करजी के निरीक्षण के दौरान किसानों से खरीदे गए धान की गुणवत्ता का अवलोकन किया । उन्होंने गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी को समक्ष बुलाकर गुणवत्ता जांच करने कहा जिस पर नोडल अधिकारी द्वारा धान की गुणवत्ता बात पाने में समर्थता जताई गई। इस पर कमिश्नर ने कहा कि सबसे पहले नोडल अधिकारियो को धान को पहचाना जरूरी है। जब तक यह जानकारी नही होगी कि धान मिश्रित हैए फंगस युक्त है या मोटा. पतला मिलावट है तब तक गुणवत्ता की ठीक से जांच संभव नही है। उन्होंने समिति प्रबंधक को पारदर्शी व किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए खरीदी करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव, उपायुक्त विकास श्री महावीर राम, एसडीएम श्री प्रदीप साहु सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## नौ महीने पूर्व हुई चोरी के मामले में दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

9 महीने पूर्व मणिपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मणिपुर चौकी क्षेत्र के मठपारा निवासी सोहन लाल भगत मार्च 2022 में सह परिवार बंगाल गया था। इस दौरान सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञाता चोरों ने मोबाइल, लैपटॉप, सोने का चेन, अंगूठी, टप्स, चांदी का सिक्का व अन्य सामान पार कर दिया था। सोहन ने वारदात की रिपोर्ट मणिपुर चौकी में दर्ज कराया था। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से पुलिस को जानकारी मिली कि एक व्यक्ति बस स्टैण्ड के पास मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने संदेही राहुल पैकरा निवासी सीतापुर को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने 9 महीने पूर्व मणिपुर चौकी क्षेत्र में अपने एक अन्य साथी स्व. निखिल साहू के साथ चोरी करने की बात स्वीकार की। घटना को अंजाम देने के बाद निखिल की मौत हो गई है। आरोपी राहुल पैकरा ने पुलिस को बताया कि चोरी की लैपटॉप बलरामपुर जिले के ग्राम डिपाडीह निवासी शिव अगरिया के पास बेचना बताया। पुलिस ने शिव अगरिया के पास से लैपटॉप जब्त कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी राहुल पैकरा व चोरी का सामान खरीदने के मामले में शिव अगरिया के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में मणिपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सरफराज फिरदौसी, सहायक उप निरीक्षक ललन गुप्ता, प्रधान आरक्षक पीतांबर सिंह, महेश ड्क्षसह, आरक्षक अतुल शमा, मकरध्वज सिंह, मोहन भगत, इम्तियाज अली, आशीष चौहान व अनिल शर्मा के अलावा साइबर सेल का सहयोग रहा।

## अधिवक्ता दिवस पर वरिष्ठ वकीलों को किया गया सम्मानित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



अधिवक्ता दिवस के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ अंबिकापुर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश बिहारी की अध्यक्षता व प्रवीण गुप्ता जिला सरगुजा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष द्वारा की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल रशीद सिद्दीकी, बिहारी सिंह, एसपी तिवारी, केएन तिवारी, पीआर कश्यप, केके सिन्हा, नील रतन जयसवाल को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी अधिवक्ताओं को डॉ. राजेंद्र प्रसाद के पथ प्रदर्शक के रूप में मानने की बात कहते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं संघ के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने कहा कि आज के दिन एक अधिवक्ता डॉ. राजेंद्र प्रसाद जिन्होंने संविधान बनाकर इस देश को एकरूपता में डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव शाहिद खान ने किया। आभार प्रदर्शन श्याम नारायण पांडेय एवं संदीप तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनंजय मिश्रा, चंद्रेश नंदन झा, गुलशेर खान, अनिल सिन्हा व आशा तिवारी उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों ने अपनी क्षमताओं का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आशा निकुंज विशेष विद्यालय अंबिकापुर में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी हस्तकला प्रदर्शनी खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने अपनी क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपेक्स बैंक के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि मिशन की संस्थाओं ने शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवा कार्य किए हैं, जिनकी में प्रशंसा करता हूं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। विशिष्ट अतिथि दानिश रफीक ने कहा कि आशा निकुंज ऐसे विशेष विद्यालय में जिस तरीके से दिव्यांग बच्चों को सिखाया बताया जा रहा है उस बारे में समाज के लोगों को भी जानने की जरूरत है, ताकि उनकी सेवा भावना का पता सभी को चले। अधिवक्ता एवं समाज सेविका शिल्पा पांडेय ने अपने कहा कि लोग अपने जीवन में निराश हैं उन्हें आशा निकुंज के दिव्यांग बच्चों से मिलना चाहिए उन्हें पता चलेगा चुनौतियों के बाद भी बच्चे कैसे अपना जीवन मुस्कुराहट के साथ जी रहे हैं। इस दौरान वार्ड पार्षद एंजेला केरकेट्टा ने सभी को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सिस्टर श्वेता तिर्की, अंजलि टोप्पो, सुमित्रा तिर्की, अनिल कुमार बेक, प्रेम सागर कुजुर, उर्सुला एक्का, अमृता विलोम, बसंती राय, रमा गुप्ता, संगीता वर्मा, कृष्णा कुमारी, संगीता टोप्पो, शिप्रा जयसवाल एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिता में विनर रहे दिव्यांग बच्चों को अतिथियों के हाथों से पुरस्कृत भी किया गया।

## स्कूलों में बिना विद्युतीकरण के करोड़ों का भुगतान के मामले में न्यायालय ने दिया एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत वर्ष



2011-12 एवं 2012-13 में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला भवनों में विद्युतीकरण के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर तीन करोड़ एक लाख पचास हजार रुपए गबन किया गया था। इस मामले में डीके सोनी अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। न्यायालय ने उक्त परिवाद को स्वीकार व सुनवाई करते हुए 1 दिसंबर को थाना कोतवाली अंबिकापुर को ज्ञापन भेजकर उक्त मामले में संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर प्रतिवेदन के तहत न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए हैं।

## दिव्यांग बच्चों के लिये जिला स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



दिव्यांग बच्चों के लिये जिला स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय मल्टीपरपज विद्यालय परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखण्ड से 10 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का उद्घाटन केके राय प्राचार्य शाबहुउमा विद्यालय अंबिकापुर, भरत अग्रवाल एपीसी, रविशंकर पाण्डेय एपीसी द्वारा किया गया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, मोतियों को अलग करना, मटका फोड़, 50 मीटर दौड़, रंगोली, मेहंदी, जलेबी दौड़, एकल व समूह गायन, एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखण्डों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि एएल ध्रुव अपर कलेक्टर तथा रविशंकर तिवारी डीएमसी द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरुस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश शर्मा, करुणेश श्रीवास्तव, नरेन्द्र पाण्डेय, अनिलेश तिवारी, मीना गुप्ता, विनोद जायसवाल, स्तुति केरकेट्टा, शोभा लकड़ा, संध्या तिवारी, भागवत देवांगन बीआरपी राजेश प्रताप सिंह, राजेश राणा, आनंदधर दीवान पीटीआई दिनेश शुक्ला, नितिमा यादव, जयंत खानवलकर व अमेश्वर दास का सक्रिय सहयोग रहा।



## सीएसपी ने कोतवाली का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण,प्रभारी को दिए कई निर्देश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला ने थाना कोतवाली का द्वितीय अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। परेड के दौरान सभी अधिकारी, कर्मचारियों का टर्नआउट चेक किया गया, थाना प्रभारी कोतवाली को थाने की साफ-सफाई के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में रखे जब्त वाहन, मालखाना और शस्त्रागार का निरीक्षण भी किया गया। थाना प्रभारी को थाना के सभी महत्वपूर्ण रजिस्टर, रोजनामचा, जरायम एवं अन्य सभी रिकॉर्ड को दुरुस्त रखने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी उप निरीक्षक रुपेश नारंग व थाने के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।







# कमिश्नर ने पूछा-घर और गोठान संभालने में दिक्कत तो नहीं!

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर 3 दिसम्बर 2022/कमिश्नर डॉ संजय कुमार अलंग ने शनिवार को कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के साथ दरिमा गोठन का निरीक्षण कर विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा गोठान में बखूबी की जा रही आजीविका कार्य की सराहना करते हुए पूछा कि आप लोग घर और बच्चो को संभालने के साथ ही गोठान के इतने गतिविधियों को आसानी से कर रही है इससे कोई दिक्कत तो नही हो रही है। महिलाओं ने जवाब देते हुए कहा कि घर परिवार से जुड़ा है और गोठन आजीविका से और दोनों ही जरूरी है । सामंजस्य बनाकर दोनो कार्य कर रहे है इसलिए दिक्कत नही हो रही है। कमिश्नर ने गोठान में कुक्कुट पालन, बटेर पालन, गोबर खरीदीए वर्मी खाद निर्माण की जानकारी समूह की महिलाओं तथा गोठान समिति के सदस्यों से ली। उन्होंने मुर्गी पालन व अंडा उत्पादन की जानकारी लेते हुए अंडों को रखने के लिए स्टोरेज की व्यस्था हेतु सेंट्रलाइज स्टोरेज सिस्टम विकसित करने कहा ताकि गोठानो में उत्पादित अंडों को सुरक्षित रखा जा सके । उन्होंने गोठान में बकरी पालन व मछली पालन के कार्य भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये। दरिमा गोठान के एकता स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती रमशीला सिंह व श्रीमती आशा दास ने बताया कि गोबर खरीदीए वर्मी निर्माण कुक्कुट पालन में लिए प्रशिक्षण मिला है। गोठान से जुड़कर महिला समूह का आत्मबल बढ़ा है। गोठान की गतिविधि के बारे में आसानी से बता सकती है और आय बढ़ाने के बारे में सोच सकती है। नरवा, गरवा, घुरवा और बाडी योजना से उन्हें पहचान मिली है। गोठान से जुड़कर खुश हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुक्कुट पालन केंद्र में 248 मुर्गियां है जिनसे प्रतिदिन करीब 240 अंडों का उत्पादन हो रहा है। अंडों को आसपास के दुकानों में बेचा जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव, उपायुक्त विकास श्री महावीर राम, एसडीएम श्री प्रदीप साहु, जनपद सीईओ श्री एसएन तिवारी सहित अन्य अधिकारी व समूह की महिलाएं मौजूद थीं।

» महिलाएँ बोली-दोनो जरूरी इसलिए दिक्कत की बात नही

» कमिश्नर ने किया दरिमा गोठान का निरीक्षण

» गोठान के आजीविका गतिविधिया से समूह की महिलाओं का बढ़ा आत्मविश्वस

## 25 लाख रुपए पाने के चक्कर में रोजगार सहायक ने गवांए चार लाख

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजुरी निवासी पंकज प्रधान रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ है। 2 नवंबर को उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि मैं केबीसी से बोल रहा हूं, आपकी 25 लाख रुपए की लॉटरी लगी है। यह सुनकर वह उसके झांसे में आ गया और रुपए पाने प्रोसेस शुरु कर दी। इसके बाद अज्ञात शख्स ने टैक्स के नाम पर उसी दिन उससे 19 हजार रुपए खाते में ऑनलाइन जमा करवा लिए। धीरे-धीरे 2 नवंबर से लेकर 30 नवंबर के भीतर उसने 4 लाख रुपए रोजगार सहायक से अलग-अलग 5 खाते में डलवाए। इसके बाद भी जब उसे लॉटरी के 25 लाख रुपए नहीं मिले तो उसे ठगी का एहसास हुआ। उसने मामले की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरु कर दी है। ठगी का शिकार हुए रोजगार सहायक ने बताया कि अज्ञात शख्स द्वारा ने उससे 5 अलग-अलग खाता नंबर में ऑनलाइन पैसे डलवाए हैं। उसने बताया कि उसके पास घर में रहे रुपयों के अलावा उसने कर्ज लेकर भी पैसे ट्रांसफर किए हैं।

# क्या टूट गया कोरिया कुमार के सपनों का कोरिया ?

## जिला विभाजन का निर्णय और खत्म हो गई कोरिया कलेक्टोरेट की रौनक,कलेक्टोरेट में पसरा रहता है सन्नाटा





### अनुभवी अधिकारियों की कमी भी देखने को मिल रही,जनता का कहना कोरियावासियों के साथ सरकार ने किया विश्वासघात

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कोरिया जिले की जनता ने तात्कालिक भाजपा सरकार पर अविश्वस व्यक्त करते हुए तीनों सीट पर कांग्रेस को समर्थन दिया जिसके बाद जिले की तीनों विधानसभा में कांग्रेस के विधायक निर्वाचित हुए, उक्त अप्रत्याषित परिणाम के बाद जिले की राजनैतिक फिजा में भी जबरजस्त बदलाव देखने को मिला। समय व्यतीत होता गया जिले वासियों ने भी तीनों सीट पर कांग्रेसी विधायको के जीतने के बाद सरकार से बहुत आशा की उम्मीद लगा रखी थी, सबकुछ लगभग ठीक चल ही रहा था, कि अचानक 2020 में सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने एक निर्णय लिया और कोरिया का विभाजन करते हुए, एमसीबी यानि की मनेंद्रगढ चिरमिरी और भरतपुर को मिलाकर एक नया जिला बना दिया। सरकार का यह निर्णय एमसीबी क्षेत्र के निवासियों के लिए तो एक चमत्कारिक निर्णय साबित हुआ लेकिन इस निर्णय के बाद कोरिया वासियों को करारा झटका महसूस हुआ। जिला विभाजन तो हो ही गया लेकिन असंतुलित विभाजन को लेकर कोरिया जिला मुख्यालय में एक लंबी लड़ाई लड़ी गई, लड़ाई को विभिन्न राजनैतिक,सामाजिक संगठनो ने अपना समर्थन दिया, लेकिन उस लड़ाई का बहुत सुखद परिणाम देखने को नही मिला। आज स्थिति यह हो गई कि सरकार ने अपने मन मुताबिक काम किया ,कोरियावासियो की भावना को दरकिनार किया और अंततःएमसीबी जिला अस्तित्व में आ ही गया। कोरिया जिला मूर्त रूप लेता लेकिन इससे पहले काफी कम समय कहें या कि बाल्यकाल में ही धराषायी होकर गिर गया, वास्तव में यदि देखा जाए तो कांग्रेस सरकार के इस निर्णय से कोरिया वासियों को कुठाराघात लगा जिसकी आज सर्वत्र निंदा हो रही है। इन दिनो कोरिया कलेक्टोरेट में पसरे सन्नाटे को देखकर कोरिया जिला के भविष्य का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

### अब नही दिखलाई देती आमजन की भीड़

कोरिया जिला विभाजन के बाद कलेक्टोरेट परिसर में अब लोगो की आवाजाही काफी कम हो गई है, जहां दिन भर सैकड़ो की संख्या में लोगो का आना जाना लगा रहता था वहां इक्का दुक्का लोगो को देखकर ऐसा प्रतीत होने लगा है जैसे कि सरकार ने इस जिले को पूरी तरह से बर्बाद ही कर दिया हो। कलेक्टोरेट परिसर में लगने वाले कार्यालयो एवं शाखाओं में पहले काफी संख्या में लोगो को अपना काम कराते देखा जाता था, चिरमिरी, मनेंद्रगढ, खड़गंवा, भरतपुर आदि क्षेत्रो से बड़ी संख्या में लोग यहां आते थे लेकिन जिला विभाजन के बाद इन क्षेत्रो से लोगो का आना जाना काफी कम हो गया है। परिसर में अब कर्मचारी ही नजर आते हैं बाकी यहां सन्नाटा पसरा दिखलाई देता है।

### अनुभवी अधिकारियों की भारी कमी

कोरिया जिला विभाजन के बाद यह काफी छोटा हो गया है, जिले में अब अनुभवी अधिकारियो की कमी भी देखने को मिल रही है, एक अनुविभागीय अधिकारी के कार्यक्षेत्र के लगभग अब कलेक्टर का कार्यक्षेत्र हो गया है। कलेक्टोरेट में वर्तमान में अनुभवी अधिकारियों की कमी भी है, बतलाया जाता है कि कई अधिकारी अब इस जिले में रहना भी नही चाहते और दूसरे अनुभवी अधिकारी भी इस जिले में आने के इच्छुक नही हैं। कलेक्टर कार्यालय में वर्तमान में एक अपर कलेक्टर, दो डिप्टी कलेक्टर बैठ रहे हैं, जिनमे से एक डिप्टी कलेक्टर अरूण सोनकर के पास नाममात्र का प्रभार है। एक डिप्टी कलेक्टर अनिल सिदार को कई शाखाओ का प्रभार दिया गया है, लेकिन अधिकांश समय वे अपने कक्ष से बाहर ही रहते हैं। कार्यालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डिप्टी कलेक्टर अनिल सिदार को अक्सर कोषालय अधिकारी या अपर कलेक्टर कार्यालय में ही देखा जाता है। जहां बैठकर वे घंटो टाईम पास करते रहते हैं। एक संयुक्त कलेक्टर के रूप में अंकिता सोम की पदस्थापना भी जिले में हैं लेकिन बैकुंठपुर एसडीएम का प्रभार उनके पास होने के कारण वे कलेक्टोरेट में काफी कम समय दे पाती हैं। जो जनता अपना काम के लिए यहां आती हैं अधिकारियो की कमी और कक्ष में न बैठने के कारण उन्हे भी कई बार खाली लौटना पड़ता है। बतलाया जाता है वर्तमान में पदस्थ उक्त प्रषासनिक अधिकारी बहुत ज्यादा अनुभवी भी नही हैं जिसका असर सरकारी कामकाज पर पड़ रहा है। वहीं सूत्रों का कहना है कि इन दिनों कलेक्टर के पास जाने वाली लगभग हर फाईल में चर्चा या परीक्षण लिख दिया जाता है जिससे कि समय पर होने वाला काम कई दिनों तक लटका रहता है। जिससे कि संबंधित पक्ष काफी परेशान रहता है। हलांकि यह एक प्रशासनिक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया में लेट होना या करना दोनो ही आम बात है इससे अधिकारियों को भी कोई फर्क नही पड़ता है।

### कोरियावासियों के साथ सरकार ने किया विश्वासघात

प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा कोरिया जिले का असंतुलित विभाजन कर दिया गया है, भले ही सरकार द्वारा बचरापोड़ी क्षेत्र को बैकुंठपुर अनुविभाग में शामिल कर दिया गया है लेकिन अभी भी बचरापोड़ी क्षेत्र खड़गंवा विकासखंड में शामिल है। जनपद स्तर के सारे विकास कार्य भी खड़गंवा से संचालित हो रहे है,क्षेत्र के नागरिक खुद अपने भविष्य को लेकर आषंकित हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि विकासखंड से किसी भी पंचायत का बंटवारा राज्य सरकार के हाथ में नही है,और सरकार की नीति इस बारे में अभी एकदम अस्पष्ट है। वही इस विभाजन को लेकर कोरिया वासी काफी आक्रोशित और खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं, कोरिया के निवासियों का कहना है कि सरकार ने उनके साथ विश्वासघात किया है। जिसका खामियाजा आगामी चुनाव में सरकार को भुगतना पड़ेगा।

### टूटा कोरिया कुमार का सपना,संसदीय सचिव के खिलाफ भी आक्रोश

आज यह सर्वविदित है कि कोरिया जिला और खासकर मुख्यालय बैकंठपुर बनवाने के लिए पूर्व वित्तमंत्री स्व.डॉ.रामचंद्र सिंहदेव ने ही अथक प्रयास किया था, कोरिया स्व.कुमार साहब के सपनों का जिला था। आज प्रदेष में कांग्रेस की सरकार है और कांग्रेस की सरकार में ही उनके सपनो का कोरिया चकनाचुर हो गया, यह यहां की जनता को भी नागवार गुजरा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि एक ओर जहां प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है तो वहीं दूसरी ओर बैकुंठपुर में भी स्वयं कुमार साहब की भतीजी अंबिका सिंहदेव विधायक और संसदीय सचिव भी हैं। उनके द्वारा चुनाव के दौरान सभी मंचो से यह कहा जाता था कि वे काका अर्थात कुमार साहब के सपनो को पूरा करने यहां आई हैं, लेकिन जिला विभाजन के बाद अब जनता उनसे खुद सवाल करती है कि क्या वे सरकार के इस निर्णय से संतुष्ट हैं और इस निर्णय का उन्होने कहां तक विरोध किया। हलांकि जिला विभाजन के तत्काल बाद मनेंद्रगढ विधायक विनय जायसवाल को उनके द्वारा मुंह मीठा कराया गया था, जिसकी फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल हुइ उसे देखकर लगता है कि संसदीय सचिव सरकार के इस निर्णय से बिल्कुल संतुष्ट हैं और कोरिया के असंतुलित विभाजन का उन्हे जरा भी तकलीफ नही है। तो वहीं जिला विभाजन के बाद इस मुद्दे पर जिस प्रकार की चुप्पी उन्होने साध रखी थी उसे लेकर स्थानीय जनता भी काफी आक्रोशित है और सीधा कहती है कि समय आने पर संसदीय सचिव को इसका एहसास कराया जाएगा। बहरहाल कोरिया कलेक्टोरेट परिसर की वर्तमान स्थिति देखकर जिले के भविष्य का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

## 27 प्रतिशत आरक्षण देकर मुख्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग का बढ़ाया मानःश्याम लाल जयसवाल

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष श्याम लाल जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 27 प्रतिशत आरक्षण देकर पिछड़ा वर्ग के लोगों का मान बढ़ाया है, यह ऐतिहासिक फैसला है। भाजपा सरकार 15 सालों में कभी पिछड़ा वर्ग के लोगों के बारे में नहीं सोचा और उनकी आवाज हमेशा दबाने का काम किया है, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो खुद पिछड़ा वर्ग से हैं उन्होंने इस वर्ग की चिंता करते हुए कैबिनेट में 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ा वर्ग के लिए मंजूरी कर मान बढ़ाया है। अब पिछड़ा वर्ग के लोगों इसका लाभ मिलेगा।जायसवाल ने कहा कि पिछड़ों को जागृत करना, सम्मान देना, विकास करना जातिवाद नहीं है। हम कई वर्षों से आरक्षण देने की मांग करते हुए आवाज उठाते आए हैं आज वह मांग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरा किया है।



## लाहिड़ी महाविद्यालय में एड्स् दिवस पर जागरुकता रैली का आयोजन

- संवाददाता -
एमसीबी/चिरमिरी 3 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी के प्राचार्य डॉ राम किंकर पाण्डेय के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिबन क्लब और युवा रेड क्रास इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राम किंकर पाण्डेय ने कहा कि जन जागरुकता फैलाकर ही एड्स् के खिलाफ सार्थक लड़ाई लड़ी जा सकती है। आज एड्स् के खिलाफ फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए इस तरह के अभियान बहुत जरुरी हैं।



रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर से छोटा बाजार शंभू चौक तक किया गया। रैली का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि जागरुकता रैली का उद्देश्य लोगों को जागरुक करना है। रैली में महाविद्यालय के अध्यापकों डॉ रजनी सेठिया, सुभाष चन्द्र चतुर्वेदी, जय सिंह सारस्वत, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ धनसाय देवांगन, प्रेमा कुजुर सहित डॉ उमाशंकर मिश्र, विकास खटिक, भागवत प्रसाद जांगड़े, गिरीश दास, रामनारायण पनिका, अनुराधा सहारिया, विजय बघेल, मन्जू राही,आयुशी राय, सूरज कुमार, फायाजुल, मोहिनी राठौर सहित सैकड़ों छात्र छात्राएँ शामिल रहे।



## गोगपा प्रदेश अध्यक्ष संजय कमरो भानुप्रतापपुर उपचुनाव के दौरे में

- संवाददाता -
कोरिया/एमसीबी 3 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कमरों ने मीडिया से बात करते हुए बताया मेरा पूरा प्रयास रहेगा उपचुनाव अपने प्रत्याशी भाई घनश्याम जुर्री के पक्ष जनसंपर्क कर उपचुनाव में भारी मतों से छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में चुनाव जीता जाए, पहले भी अपनी मंशा साफ कर दी है हम राष्ट्रीय पार्टी है सभी धर्म को साथ लेकर चलना है और सत्ता में भागीदारी बनाना है, 5/12/2022 तक भानुप्रतापपुर में ही रहूंगा। साथी अपने पार्टी के कार्यकर्ता मेरे साथ हैं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलाल मरकाम जी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष फैयाज आलम और रायपुर जिले के जिला अध्यक्ष कार्तिक यादव जी में क्यारमा ब्लॉक के किरसीदा ग्राम में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कर्मठ, मिलनसार प्रत्यासी घनश्याम जुर्री के पक्ष में डोर टू डोर जन संपर्क एवं चुनाव प्रचार प्रसार करते हुए।

## सीईओ ने किया नवीन तालाब निर्माण कार्य एवं स्कूलों का निरीक्षण




- संवाददाता -
सूरजपुर, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने ग्राम पस्ता में बन रहे नवीन तालाब निर्माण एवं तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा बिट का मिट्टी 5 मीटर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने इनलेट में पिचिंग कराने एवं जाली निर्माण करने एवं आउटलेट में हुएम पाइप लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मेट पंजी, मास्टर रोल निरीक्षण दौरान नहीं रखा गया था रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस देने पीओ मनरेगा को जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक, माध्यमिक, आंगनबाड़ी केंद्र पस्ता का मौके में ही जांच किया जहां शिक्षकों की अनुपस्थिति पाई गई। उन्होंने शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की कड़ी में नवीन डबरी निर्माण कार्य आमापारा नारायणपुर, आंगनबाड़ी केंद्र बांसपारा, स्टॉप डैम शिवपुर, रांपा नाला, प्राथमिक शाला परमेश्वरपुर, मिट्टी सड़क परमेश्वरपुर, नरवा उपचार पवन पुर का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां उन्होंने प्राथमिक शाला परमेश्वरपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल लगाए जा रहे हैं उन्हें बाहर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने रम्पा नाला कंटूर ट्रेंच को निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन डबरी निर्माण कार्य आमापारा नारायणपुर के रोजगार सहायक के कार्य में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की एवं 10 दिन में तालाब ठीक कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूल निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को समय में उपस्थित रहकर अध्यापन का कार्य करने के निर्देश दिए।

## वन मितान जागृति विद्यार्थियों को जीवंत परिचय सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

-ईस्नु प्रसाद यादव-
मनेंद्रगढ़, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

वन मंडल बैकुंठपुर के अंतर्गत वन परीक्षेत्र कोटाडोल के अंतर्गत बडगाव कला में वन मितान जागृति विद्यार्थियों को वन पर्यावरण एवं वानिकी गतिविधियों का जीवंत परिचय सह जागरूकता कार्यक्रम ग्राम कोटाडोल में वन मण्डला अधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो नोडल अधिकारी एसडीओ फारेस्ट नार्थ श्रीमती जैनी कुजूर बैकुंठपुर के निर्देशा अनुसार एवम मताम्बर दुबे,साथ तिलकराम पांण्डेय

मास्टर ट्रेनर सेवा निवृत्ति डिप्टी रेंजर, प्राचार्य

शा.उ.मा.वि. बड़गांव कला के कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को वन पर्यावरण एवं वानिकी गतिविधियों का जीवंत परिचय सह जागरूकता का ज्ञान कराया गया




छात्र-छात्राओं को एक बस के माध्यम से जंगल का सैर कराकर पेड़-पौधे, वनस्पतियों से रूबरू भेंट कराकर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की संपूर्ण जानकारी पर सविस्तार प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस दौरान रविशंकर राम जगधारी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुन पटनायक ऐप्स, वन रक्षकों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में परिक्षेत्राधिकारी मास्टर्स ट्रेनरों को एवं उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों, छात्र/छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# क्या आईजी के गुस्से से बचने मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी आरोपी पकड़ने मध्यप्रदेश के नीमच हुए थे रवाना?

## पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा का एमसीबी जिला दौरा,जिले के पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

-रवि सिंह -
एमसीबी/मनेंद्रगढ़ 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा रेंज का कमान संभालने के बाद पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) द्वारा जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का प्रथम भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा एसपी ऑफिस पहुंचकर सलामी ली गई, उसके दौरान एसपी एमसीबी द्वारा नए जिले के बारे में संछिप्त जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यालय का निरीक्षण कर सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किए। आईजी सरगुजा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में तिलकराम कोशिमा पुलिस अधीक्षक एमसीबी की मौजूदगी में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों की बारी-बारी से थानों में पुराने लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा पुराने प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु सख्त निर्देश दिए। आईजी द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि थाना-चौकी में प्राप्त फरियाद सूचना रिपोर्ट पर बिना विलंब किए तत्परता के साथ यथोचित कार्यवाही करें, थाना में आने वाले फरियादी को अच्छे से पेश आवे, आवेदक के समस्याओं का समाधान कर उनके मामले का निराकरण करना पुलिस का मुख्य कार्य है। कार्यालय में सभी अधिकारियों की बैठक के उपरांत आईजी द्वारा प्रेस वार्ता किया गया नव गठित जिला मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी दौरे के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र में तैनात बल, संसाधनों, बैरक व निर्माण से संबंधीत कार्यों के बारे में पुलिस अधीक्षक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। जिला मनेंद्रगढ़ (एमसीबी) भ्रमण के दौरान, पुलिस अधीक्षक एमसीबी तिलक राम कोशिमा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमसीबी निमेश कुमार बरैया, एसडीओपी मनेंद्रगढ़ राकेश कुर्रे एवम् डीएसपी हेड क्वार्टर रुपेश डांडे, रक्षित निरीक्षक मनेंद्रगढ़, समस्त थाना चौकी प्रभारी वा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एमसीबी के पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

### बॉर्डर चेक पोस्ट पर पुलिस के द्वारा सतर्कता बरती जाए

जिले के पुलिसिंग में कसावट लाने के लिए आईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि एमसीबी जिला मध्यप्रदेश राज्य के बॉर्डर से लगा हुआ है जिसके लिए यहाँ की पुलिस व्यवस्था को सतर्क व सजगता से कार्य करना होगा। जिले के बॉर्डर चेक पोस्ट पर पुलिस को सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए किसी भी प्रकार का अवैध सामग्री का परिवहन कारोबार न हो यह हिदायत पुलिस महानिरीक्षक ने दी।







- अवैध कारोबार पूर्णतः हो बंद,जिले में अवैध कारोबार को लेकर नाराज हुए पुलिस महानिरीक्षक
- आईजी ने कहा अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ही हुई बैठक, थानों को दिया गया है सख्त निर्देश
- मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिले से जुड़े होने की वजह से एमसीबी जिले की पुलिस को सतर्क रहने की भी दी सलाह
- पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा ने सभी पुलिस थाना प्रभारियों की ली बैठक,मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी रहे बाहर
- मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की शिकायतों पर नाराज हुए पुलिस महानिरीक्षक
- रक्षित केंद्र मनेंद्रगढ़ का किया निरीक्षण, निर्माण संबंधी भी ली जानकारी
- अपराध घटित होने की सूचना पर तत्काल करें कार्यवाही,एमसीबी पुलिस को दी सीख
- बेसिक पुलिसिंग मजबूत करने दिए दिशा निर्देश,ग्रामीण क्षेत्रो में बिट प्रणाली मजबूत करने पर दिया जोर
- चिटफंड मामले में भी आरोपियों की गिरफ्तारी तेजी से हो सक्रिय होकर कार्य करने निर्देश
- सायबर अपराध को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की भी जिले की पुलिस को दिए निर्देश
- आईजी रेंज राम गोपाल ने एमसीबी कार्यालय में जिला के समस्त राजपत्रित अधिकारी /थाना प्रभारियों की लिए बैठक व प्रेसवार्ता
- आईजी द्वारा सख्त निर्देश अपराध घटित होने की सूचना पर प्राप्त होने पर त्वरित करें कार्यवाही

### आम जनता में पुलिस की छवि हो बेहतर

बैठक के दौरान आईजी सरगुजा ने निर्देशित किया कि आम जनता में पुलिस की छवि को और बेहतर बनाने की जरूरत है और उन्होंने कहा कि किसी भी घटना-दुर्घटना अथवा अपराध की सूचना लेकर कोई फरियादी/आवेदक थाना आता है तो उसकी तत्काल सुनवाई की जाए, चाहे मामला किसी दूसरे क्षेत्र का ही क्यों न हो, विधि के अनुसार अपराध की सूचना पर शून्य में मामला पंजीबद्ध कर संबंधित थाने को विवेचना के लिए भेजी जाए, इससे आमजनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध स्थापित होगा।

### आईजी ने अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने का दिया निर्देश

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए गए। अपराध एवं अपराधियों को रोकने एवं बेसिक पुलिसिंग को और सशक्त और मजबूत करने, लंबित मामलों सहित चिटफण्ड के मामलों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। चिटफण्ड के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी में सक्रिय होकर कार्य करने की भी उन्होंने हिदायत दी, चोरी-नकबजनी के मामले में गंभीरतापूर्वक आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी एवं शत् प्रतिशत माल बरामद करने, महिला सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता तथा सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए जरूरी कदम उठाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### साइबर अपराध के प्रति लोगों की जागरूकता जरूरी,आईजी

सायबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करें साथ ही साइबर अपराध के मामले प्रकाश में आने पर त्वरित मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए पुलिस महानिरीक्षक ने यह भी कहा,उन्होंने कहा कि अपराधियों में पुलिस का भय होना और दिखना चाहिए, अपने पद का दायित्वों का निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी चाहिए।

### आईजी सरगुजा ने बीट प्रणाली मजबूत करने पर दिया जोर

आईजी सरगुजा द्वारा बैठक में कहा गया कि पुलिस का कार्य अपराधों पर अंकुश लगाना है और यह तभी सम्भव है, जब हम जाबाजी और इमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए हममें से हर एक को अपने क्षेत्र में मेहनत और संवेदनशीलता से कार्य करना होगा। जिले में पुलिस की बीट प्रणाली को मजबूत करने के साथ ही सूचना तंत्र को भी प्रभावी बनाने को लेकर निर्देश दिया। बीट प्रणाली को मजबूत बनाए के लिए हर थाने का बीट अधिकारी व जवान अपनी बीट में जाकर लोगों से जनसम्पर्क करेगा और लोगों से उनकी समस्या से अवगत होगा और ग्राम की प्रत्येक गतिविधियों के बारे में जानकारी लेगा, साथ ही त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए बीट क्षेत्र के ग्रामीणों और पुलिस अधिकारी व जवानों का वाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश भी उन्होंने दिया।

### खराब पुलिसिंग को लेकर काफी नाराज दिखे आईजी

नए पुलिस महानिरीक्षक के आगमन को लेकर जहां पहले से ही चुस्त दुरुस्त दिख रही मनेंद्रगढ़ जिले की पुलिस आज काफी मुस्तैद दिखी और नए पुलिस महानिरीक्षक के आगमन पर पूरी सर्तक दिखी वहीं पत्रकारों ने अवैध कारोबार पर सवाल पूछा जिस पर नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक मनेंद्रगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर काफी भड़के और कहा कि पूरी तरीके से अवैध कारोबार बंद होना चाहिए, बिल्कुल भी इस प्रकार का कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को जमकर फटकार भी लगाई गई ऐसा लगा पुलिस महानिरीक्षक को पहले से ही सारी चीजों की जानकारी थी और वह एमसीबी जिले के पुलिसींग को लेकर काफी नाराज दिख रहे थे, जबकि उनके आगमन को लेकर एमसीबी जिले की पुलिस काफी मुस्तैद थी पर उनकी क्रियाकलाप शायद पहले से ही नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक जानते थे इसलिए व खराब पुलिसिंग को लेकर काफी नाराजगी दिखी।

### पुलिस महानिरीक्षक से बचने मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी आरोपी पकड़ने के बहाने निकल चुके थे बाहर

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा के एमसीबी जिला आगमन की सूचना पर मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी पहले ही थाना छोड़कर आरोपियों को पकड़ने के बहाने मध्यप्रदेश रवाना हो चुके थे और उन्होंने इस तरह पुलिस महानिरीक्षक के आक्रोश से बचने का तरीका ढूंढ लिया था,बता दें कि नए पुलिस महानिरीक्षक अवैध कारोबार मामले में सख्त हैं और उनको मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र और चिरमिरी थाना क्षेत्र में जारी अवैध कारोबार की खबर लगातार मिल रही थी और इससे वह नाराज चल रहे थे और इसीलिए मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी ने खुद को बचाने तरकीब ढूंढा और आरोपी पकड़ने के बहाने वह अन्य राज्य निकल पड़े।

### पुलिस महानिरीक्षक की नाराजगी से लगा लौटकर कर सकते हैं बड़ा फेरबदल

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा अपने एमसीबी जिला निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिले की पुलिसिंग और आ रही शिकायतों से काफी नाराज दिखे वहीं पत्रकारों के अवैध कारोबार को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्हें गंभीर भी देखा गया। लौटकर पुलिस महानिरीक्षक बड़ा कोई फेरबदल कर सकते हैं इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता,वैसे उन्होंने पुलिस को उसके कर्तव्यों का पाठ बखूबी पढ़ाया है और उन्होंने आम लोगों के बीच पुलिस की छवि को लेकर भी पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को सीख दी।

# पहले पिता ने किया विरोध क्या अब पुत्र ने दिखाया अपना रंग?



- समान्य वर्ग व ब्राम्हणों के विरोधी हैं भूपेश सरकारःरमेश तिवारी

- संवाददाता -
कोरिया/सोनहत 3 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आरक्षण को लेकर चल रहे खिंचातानी के बीच भूपेश सरकार ने एससी एसटी व ओबीसी को आरक्षण मे खुश करने देने वाला विधेयक पारित कर अपना मांसिकता जाहिर कर दिया है कि कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री साफ साफ राजनीति कर रहे व जिनके पास वोट बैंक है उसे ही हर जगह आगे रखा जाऐ।

आरक्षण के मुद्दे पर युवा ब्राह्मण सामाज कोरिया के जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने बयान जारी कर भूपेश सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है उनका का कहना है की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता लगातार ब्राह्मण समाज को लेकर अशोभनीय टिप्पणी व कुठाराघात हमला करते है उनका आगमन जब भी कोरिया जिले में होता है वे हर बार हमारे समाज को अपने निशाने पर रखते है। यह तो ब्राह्मणों को जानकारी नहीं है कि आखिर भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल ब्राह्मण समाज से घ्रीणा क्यों करते है लेकिन तत्कालीन समय में भूपेश सरकार द्वारा पारित विधेयक में स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस सरकार व भूपेश बघेल सामान्य वर्ग व ब्राह्मणों के पास वोट नहीं है, इसलिए अपने राजनीति बचाने के लिए, ब्राम्हणों व सामान्य वर्ग को साथ लेकर नहीं चलना चाहते, सिर्फ रोटी सेकने के चक्कर में वोट हथियाने के लिए अन्य वर्ग को महत्व दे रहे अगर सरकार की मांसिकता छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग को साथ लेकर चलने की होती तो वे आरक्षण मे सामान्य वर्ग को भी 10 प्रतिशत का लाभ दिलवाते न कि चार प्रतिशत का रमेश ने कहा है कि अगर भूपेश सरकार सामान्य वर्ग व ब्राह्मण समाज को आरक्षण का लाभ देना चाहती है या साथ लेकर चलना चाहती है तो सामान्य वर्ग को दस प्रतिशत आरक्षण दे नहीं तो सामान्य वर्ग का साथ छोड़ सरकार आरक्षण का प्रतिशत शून्य कर दें। जिला उपाध्यक्ष तिवारी ने आरक्षण मिले सभी वर्गों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया है तथा ब्राह्मण समाज व सामान्य वर्ग के आरक्षण के मामले जिलास्तरीय बैठक समाज के वरिष्ठों से विस्तृत रूप से चर्चा कर बड़े आंदोलन की रणनीति बनाने की बात कही है।

# एसडीओपी प्रकाश सोनी ने ली सरार्फा व्यापारियों की बैठक





- संवाददाता -
सूरजपुर, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर थाना सूरजपुर में सरार्फा व्यापारियों की बैठक एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के द्धारा ली गई। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, दुकान में काम करने वाले कर्मियों की जानकारी थाने पर देने, सुरक्षा के प्रति थोड़ी सी भी लापरवाही ना बरते की हिदायत दी गई। एसडीओपी ने कहा कि अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा ऐसा लगाए कि उनके दुकान के अंदर और बाहर का दृश्य साफ साफ दिखे, ताकि उन्हें पता चल सके की उनके दुकानों में कौन आ रहा है और कौन जा रहा है।

थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर ने सरार्फा व्यापारियों को कहा कि दुकान के आसपास कोई संदिग्ध दिखाई देता है अथवा रैकी करने जैसा आभास होता है तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दे। बैठक में श्रीराम ज्वेलर्स, एमआर ज्वेलरी, लक्ष्मी अलंकार मंदिर, विकास ज्वेलर्स, अंजली अलंकार मंदिर, शुभम ज्वेलर्स, अमित ज्वेलर्स, दीपक ज्वेलर्स, महामाया ज्वेलर्स, शिवशक्ति ज्वेलर्स, वॉमिका ज्वेलर्स, एसबी ज्वेलर्स व गीता अंलकार मंदिर के संचालक मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूल में घुसकर एक सहायक शिक्षिका के साथ किया गया गाली-गलौज...नहीं मिली विभागीय मदद

- संवाददाता -
कोरबा, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ग्रामीण अंचल में अध्यापन कार्य के दौरान सरकारी स्कूल में घुसकर एक सहायक शिक्षिका के साथ गाली-गलौज कर जातिगत दुर्व्यवहार किया गया। छुट्टी के बाद घर लौटते समय चाकू से मारने का प्रयास किया गया।जानकारी के अनुसार थाना श्यांग अंतर्गत प्राथमिक शाला घुईडांड़ संकुल लबेद में ज्योतिकला पात्रे, सहायक शिक्षक एलबी पदस्थ हैं ।02 नवंबर को वह अध्यापन कार्य करा रही थी कि दोपहर करीब 12.30 बजे गांव का ही निवासी महेन्द्र तिवारी स्कूल पहुंचा और जातिगत गालीगलौज एवं अपशब्दों का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दि। शिक्षिका ने इसकी सूचना शाला स्तर पर अपने स्कूल प्रभारी तथा ग्राम पंचायत सरपंच को फोन पर दी लेकिन किसी तरह की मदद नहीं मिली। स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर जाते समय ग्राम घुईडांड़ व डुमरडीह के मध्य जंगल में झाड़ियों के बीच चाकू पकड़कर महेन्द्र तिवारी ने शिक्षिका को मारने के लिए कोशिश किया तब शिक्षिका ने भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों को देखकर आरोपी झाड़ी में छिप गया। शिक्षिका ने डॉयल 112 को फोन कर मदद मांगी। आरोपी महेन्द्र तिवारी के विरुद्ध धारा 294, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# प्रभारी के रूप में कोटाडोल मंडल में बैठक आयोजित रेणुका सिंह

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 3 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोटाडोल जिला एमसीबी मंडल में बीजेपी के मोर आवास मोर अधिकार प्रोग्राम के तहत बैठक आयोजित किया गया रहा जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह को प्रभारी के रूप में जिला के द्वारा दायित्व सौंपा गया है, प्रभारी के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत के द्वारा कोटाडोल मंडल में बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मंडल का गठन कर मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया,रेणुका सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार की अटल आवास के लिए करोड़ों रुपए भेजे जिसके तहत राज्य सरकार अपना हिस्से की राशि मिला कर गरीबों के लिए पक्का आवास मिल सके पर राज्य सरकार ने गरीबों का अटल आवास का सपना साकार नहीं होने दिया और गरीबों को पक्के मकान से वंचित कर दिया, इस लिए हर कार्यकर्ता पंचायत से लेकर ,जनपद ,



एसडीएम कार्यालय,कलेक्टर कार्यालय और प्रदेश स्तर तक गरीबों का अधिकार मांगेंगे । आज के कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के रीति नीति और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से प्रभावित होकर कोटाडोल मंडल में बहुत से लोगों के द्वारा बीजेपी ज्वाइन किया गया ज्वाइन करने वाले नवयुवकों को जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह के द्वारा चंदन टीका लगाकर एवं पूर्व विधायक पावले जी के द्वारा पुष्प कुछ भेंट करके बीजेपी ज्वाइन कराया गया।

आज के कार्यक्रम मोर आवास मोर अधिकार, मंडल स्तर बैठक में भरतपुर सोनहत विधान सभा के पूर्व विधायक श्रीमती चंपा देवी पावले, मोर आवास मोर अधिकार के सह प्रभारी राम लखन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा प्रवीण सिंह, भाजपा मंडल कोटाडोल एमसीबी अध्यक्ष राजाराम एवं मंडल उपाध्यक्ष और बीजेपी कोटाडोल मंडल के बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

C M Y K






# पुलिस के साथ अपराधी पकड़ने गए ड्राइवर को क्या जान गवानें पर मिलेगा पुलिस सम्मान ?

-रवि सिंह -
एमसीबी/मनेंद्रगढ़ 3 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)

एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने की टीम की गाड़ी मध्यप्रदेश के भेड़ाघाट के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई,गाड़ी चला रहे ड्राइवर को झपकी आने की वजह से गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई ऐसा बताया जा रहा है वहीं ड्राइवर की मौके पर ही मौत की सूचना है वहीं गाड़ी में सवार पुलिसकर्मियों में से सहायक उप निरीक्षक दिनेश चौहान की हालत नाजुक बताई जा रही है जिनका इलाज जबलपुर मेडिकल कालेज में चल रहा है और उन्हें विशेष निगरानी में चिकित्सकों के रखा गया है। गाड़ी में ड्राइवर सहित 7 लोगों के सवार होने की सूचना मिल रही है और जिनमे से एक आरोपी व 5 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

- » मृतक ड्राइवर के परिजनों को क्या मिलेगी सरकारी सुविधा,क्या आश्रित परिवार के सदस्य को मिलेगी नौकरी ?
- » मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम की गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त, ड्राइवर की मौके पर ही मौत,सवार सभी पुलिसकर्मी घायल
- » आरोपी पकड़ने थाना प्रभारी के नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने की टीम पहुंची थी मध्यप्रदेश के नीमच
- » आरोपी को गिरफ्तार कर वापस लौटते समय भेड़ाघाट के समीप ड्राइवर को आई झपकी,गाड़ी पलटी
- » घायल पुलिसकर्मियों में से सहायक उप निरीक्षक की हालत ज्यादा गंभीर,जबलपुर मेडिकल कालेज में इलाज जारी

सहायक उप निरीक्षक दिनेश चौहान के अलावा शेष अन्य पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं और जिनका प्रारंभिक उपचार किया जाकर उन्हें छोड़ दिया गया है चिकित्सालय से ऐसा बताया जा रहा है।

### आरोपी पकड़ने मध्यप्रदेश के नीमच पहुचीं थी मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने की टीम

जैसा कि बताया जा रहा है कि मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने से थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मध्यप्रदेश के नीमच पहुचीं थी जहां 354 के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस मनेंद्रगढ़ ला रही थी,मनेंद्रगढ़ वापस लौटते समय यह दुर्घटना हुई है ऐसा सूत्रों के हवाले से पता चल रहा है।

### ड्राइवर की मौके पर ही हुई मौत

मनेंद्रगढ़ पुलिस जिस वाहन से आरोपी को गिरफ्तार करने नीमच पहुचीं थी उस वाहन को आकाश राजवाड़े नाम का युवक चला रहा था और जिसे वाहन चलाने के दौरान ही झपकी आ गई और वाहन पलट गया,वाहन पलटने से ड्राइवर आकाश राजवाड़े की मौके पर ही मौत हो गई और जिसका शव मरचुरी में रखा गया है जिसे ड्राइवर के घर तक लाये जाने की व्यवस्था बनाई जा रही है।

### थाना प्रभारी,सहायक उपनिरीक्षक,प्रधान आरक्षक सहित दो आरक्षक ,आरोपी व ड्राइवर गाड़ी में थे सवार

पुलिस की जो गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हुई है उसमें मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना के प्रभारी सचिन सिंह,सहायक उप निरीक्षक दिनेश चौहान,प्रधान आरक्षक इस्तियाक खान,आरक्षक प्रमोद यादव,आरक्षक जितेंद्र ठाकुर आरोपी राकेश कुमार तमर सहित ड्राइवर आकाश राजवाड़े सवार थे जिसमें ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई है वहीं सहायक उप निरीक्षक दिनेश चौहान गंभीर रूप से घायल हैं वहीं शेष सभी को सामान्य चोटें आई हैं और जिनका प्रारंभिक इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

### मृतक ड्राइवर के परिजनों को क्या मिलेगी सरकारी सुविधा, क्या मिलेगा पुलिस सम्मान ?

मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम के साथ गाड़ी में ड्राइवर के रूप में शामिल आकाश राजवाड़े जिसकी मौत हो चुकी है के परिजनों को क्या पुलिस सम्मान मिलेगा क्या उसके परिवार के किसी आश्रित सदस्य को सरकारी नौकरी मिलेगी यह सवाल उठ रहा है,आरोपी पकड़ने मध्यप्रदेश गई पुलिस टीम के साथ बिना सोए ड्राइवर लगातार गाड़ी चला रहा था और नींद नहीं पूरा होना ही घटना की वजह बनी यह भी जानकारी मिल रही है ऐसे में ड्राइवर के साथ उसके परिजनों के साथ न्याय तभी होगा जब उसके परिवार के आश्रित सदस्यों के प्रति पुलिस प्रशासन की तरफ से संवेदना देखने को मिलेगी और उन्हें सरकारी सुविधा और पुलिस सम्मान दिया जाएगा।

# भाजपा युवा नेता के भाई की गुंडई, नाबालिग के साथ जमकर की मारपीट




- संवाददाता -
कोरबा, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भाजपा के युवा नेता बद्री अग्रवाल (कोरबा) के छोटे भाई और आदतन गुंडा-बदमाश की लिस्ट में शामिल सोमू अग्रवाल की एक और गुंडई का मामला सामने आया है । आरोपी ने नाबालिग की ऐसी पिटाई की , कि उसके पीठ के जख्म देखकर कोई भी सहम उठेंगा । ये मामला कोरबा का है, आरोपी कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया है । कोरबा शहर का आदतन गुंडा बदमाश सोमू अग्रवाल अपनी हरकतों से बाज आता नजर नहीं आ रहा ।. पुलिस की लाख समझाइश के बाद भी उसके द्वारा मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहा है । शुक्रवार बीती रात चौपाटी में उसने एक नाबालिग के साथ जमकर मारपीट की । बेल्ट,लाठी और डंडों के साथ उसने नाबालिग को जमकर पीटा । शिकायत मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गयी है । पुलिस के मुताबिक सोमू अग्रवाल कोरबा शहर का छोटी उम्र में एक नामी गुंडा बन गया है, यही कारण है कि उसका नाम पुलिस ने गुंडा-बदमाश की लिस्ट में शामिल कर रखा है ।

आरोपी सोमू अग्रवाल इससे पहले भी मारपीट, चाकूबाजी सहित और भी कई जघन्य अपराधों को अंजाम दे चुका है । आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा कई बार कार्रवाई भी गई , बावजूद इसके वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा । पिछले दिनों सीएसपी ने सख्त लहजे में उसे समझाया था ,बावजूद इसके वह नहीं माना और पिछली रात चौपाटी में एक नाबालिग के साथ उसने जमकर मारपीट की । कोतवाली थाना प्रभारी रुपक शर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है सोनू अग्रवाल के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है ।



# सूरजपुर पुलिस ने अभियान चलाकर 18 गिरफ्तारी-स्थाई वारंट किए तामील


- संवाददाता -
सूरजपुर, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अपराधों की रोकथाम एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार स्थाई/गिरफ्तारी वारंट तामिल करने के निर्देश सभी थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस के द्वारा 2 स्थाई वारंटी तथा 6 गिरफ्तारी वारंट तामील किया है तो वहीं थाना सूरजपुर पुलिस ने 4 स्थाई व 6 गिरफ्तारी वारंट तामील कर वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया है।

वारंटियों की धरपकड़ के इस अभियान में चौकी बसदेई पुलिस ने मारपीट व आबकारी एक्ट के मामले में स्थाई वारंटी प्रसाद साहू व मोती सिंह को पकड़ वारंट तामील किया है। इसी प्रकार अलग-अलग मामलों में 6 गिरफ्तारी वारंट तामील किया है। इसी क्रम में थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा आबकारी एक्ट, लूट, मारपीट, चोरी के मामले में स्थाई वारंटी तुलसी प्रसाद, श्याम सिंह, राहुल साहू, चैन प्रकाश को पकड़ स्थाई वारंट तामील किया है तथा 6 अलग-अलग गिरफ्तारी वारंट तामील करने में सफलता हासिल किया है। वारंटियों की तामिली हेतु पुलिस टीमें लगातार विभिन्न जगहों पर दबिश दे रही है। इन सभी वारंटियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, लिनुस लकड़ा, थॉमस मिंज, आरक्षक अमित सिंह, निलेश जायसवाल, रामसागर साहू, विश्वजीत सिंह, गुरूदेश्वर सिंह, ओम प्रकाश सिंह व प्रदीप सोनवानी सक्रिय रहे।

# रॉयल्टी नहीं है तो क्या हुआ अवैध रेत परिवहन करने के देते है एक रात के 09 हजार

- संवाददाता -
कोरबा, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।




रेत के अवैध खनन व परिवहन पर नकेल कसने शासन के शखूत निर्देश बाद भी राताखार गेरवा घाट क्षेत्र में शाम होते ही अवैध रेत का कारोबार धड़ल्ले से शुरू हो जाता है ढ्ढ नदी में एक साथ दर्जनों ट्रैक्टर रेत के अवैध परिवहन कार्य मे लगा रहता है। माफिया बेखौफ होकर शासन को राजस्व की छति पहुँचाते हुए मोटी कमाई कर रहे हैं ढ्ढ रात को गेरवा घाट मेंअवैध रेत परिवहन में लगे ट्रेक्टर चालक ने बताया के एक रात के लिए अवैध रेत खनन करने के एवज में 09 हजार रुपये थाना में देते हैं और खनिज विभाग को अलग से देना पड़ता है उसके बाद आप जितना चाहे रेत निकाल लो। सूत्र बताते हैं कि दो दर्जन से भी अधिक ट्रैक्टर रात को रेत के अवैध खनन परिवहन में लगे रहते हैं। चालक की बात सुनकर लगता है शायद इन्हें अवैध रेत खनन परिवहन के लिए खुली छूट मिली है ढ्ढ रेत खदान का संचालन शुरू होने में लेट लतीफी का सीधा फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं जो शहर में अवैध रेत का कारोबार जोरों से चला रहे हैं। रेत की कालाबाजारी इतना तेजी से चल रहा है कि परिवहन में बाधा बन रहे खनिज विभाग के बैरियर को भी पिछले दिनों तोड़ दिया गया ढ्ढ यहाँ बताना होगा कि शासन अब रेत खदानों का संचालन ठेका सिस्टम से बंद कर रही है, इसलिए जिन खदानों की ठेका अवधि पूरी हो चुकी है। ऐसे शहरी क्षेत्र के रेत खदान को नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र के खदान को संबंधित ग्राम पंचायत को सौंपा जाना है, लेकिन एनजीटी के प्रतिबंध अवधि को 1 महीने से भी ज्यादा समय बीतने के बाद भी शासन से अब तक गाइडलाइन नहीं आई है। ऐसे में ठेका अवधि पूरी होने के बाद भी जिले के कई खदान शुरू नहीं हो सके हैं। इनमें शहर के गेवराघाट-2 और मोती सागर पारा रेत खदान शामिल है। नए नियम के अनुसार दोनों घाट को निकाय को सौंपा जाना है, पर अब तक गाइडलाइन का इंतजार चल रहा है। दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में निर्माण कार्यों के लिए रेत की डिमांड अधिक है। इसलिए रेत माफिया का कारोबार जोरों पर है। इन लोगों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है इसलिए हिम्मत भी बढ़ गई है और बढ़े भी क्यों न जब ट्रैक्टर चालक बता रहे हैं कि एक रात के लिए 9 हजार पटाते हैं और खनिज विभाग को अलग से चढ़ावा चढ़ाते हैं। चालक की बात में कुछ तो सच्चाई है तभी तो रातभर हसदेव नदी से रेत की खुल्लमखुल्ला अवैध सप्लाई है ढ्ढकहीं बाज़ार में रेत का दाम बढ़ने की वजह ये तो नही? खनिज विभाग के रायल्टी के आधार पर रेत की प्रति ट्रैक्टर दर 491 रुपए है। इस तरह परिवहन भाड़ा जोड़कर घर तक रेल पहुंचाने का करीब 01 हजार रुपए लगेगा, लेकिन अभी शहर में रेत खदान बंद है। आउटर के खदान से रेत आपूर्ति हो रही है, जहां से भाड़ा अधिक पड़ रहा है। इसलिए ज्यादातर ट्रैक्टर मालिक शहर की खदानों से रेत निकाल कर 04 गुना दाम में खपा रहे हैं ढ्ढ रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने की मूल जिम्मेदारी खनिज विभाग की है, जिसकी दो टीम निगरानी में लगी है। टीमें आउटर में कार्रवाई कर रही है पर मोती सागर पारा व गेरवाघाट खदान पर टीम की नजर नहीं पड़ रही आखिर क्यों?

# निगम द्वारा प्रतिदिन मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही सड़कों की धूल की सफाई

- संवाददाता -
कोरबा, 03 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कोरबा शहर के मुख्य मार्ग व ज्यादा आवाजाही वाली सड़कें अब ''डस्ट फ्री '' हो रही है, लोगों को सड़क पर उड़ने वाली धूल से राहत मिलने लगी है । सड़कें धूल रहित दिखाई पड़ने लगी है और यह सब हो रहा है निगम द्वारा मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन के नियमित संचालन की बदौलत। इससे एक ओर जहाँ सड़क से उड़कर हवा में तैरने वाली धूल-डस्ट से शहरवासियों को मुक्ति मिली है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण, शहर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था की बेहतरी की दिशा में निगम का यह ठोस कदम सिद्ध हो रहा है। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत एक माह से प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से कोरबा शहर की सड़कों पर मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से सड़कों की धूल की सफाई का कार्य किया जा रहा है, यह देखने में आया है कि आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने नगर निगम कोरबा में अपनी पदस्थापना के बाद से ही शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई व्यवस्था के प्रति गंभीर रूख अख्तियार किया हुआ है । जिसके परिणाम स्वरूप शहर की स्वच्छता व निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में बेहतर बदलाव हुए हैं । इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। चूंकि कोरबा एक औद्योगिक नगर है ,विभिन्न पावर प्लाटों, कल-कारखानों के साथ ही शहर के चारों ओर कोयला खदानें स्थित हैं । काफी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन एवं कोल परिवहन आदि होता है । पावर प्लांटों से उत्सर्जित राख, कोल डस्ट व अन्य कारणों से स्वाभाविक रूप से शहर की सड़कों पर धूल जमती है, वाहनों के आवागमन से वही धूल उड़कर हवा में घुलती है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए, शहर के पर्यावरण के लिए हानिकारक होने के साथ-साथ शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का कारण बनती है। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में शहर की सड़कों विशेषकर मुख्य मार्गों व ज्यादा आवाजाही वाली सड़कों को धूल मुक्त करने की दिशा में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 01 माह से प्रतिदिन मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से सड़कों की स्वीपिंग का कार्य सफलतापूर्वक किया जा रहा है।यह कार्य प्रतिदिन आईवे एसोसिएट विजयवाड़ा के माध्यम से निगम द्वारा कराया जा रहा है । इस हेतु उक्त एजेंसी को 01 वर्ष के कार्य का ठेका निगम द्वारा वर्तमान में दिया गया है।

निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निरंतर मार्गदर्शन में निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों की मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन से सड़कों की सफाई किए जाने के साथ-साथ शहर की विभिन्न सड़कों मार्गों तथा ऐसे स्थलों में जहाँ पर मशीन का पहुंचना संभव नहीं हो पाता वहाँ पर मेन्यूअल रूप से भी धूल हटाने व नाईट स्वीपिंग का कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है, इसके अतिरिक्त विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में दुकानें बंद होने के पश्चात नाईट स्वीपिंग, कचरे का संग्रहण आदि का कार्य भी रात्रि के समय निगम द्वारा निरंतर जारी है।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी, बलरामपुर जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)**

E-mail-cmhobalrampur@gmail.com

क्र/321/स्टोर/ 2022-23 बलरामपुर, दिनांक 15/11/2022

**निविदा आमंत्रण सूचना**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के उपयोग हेतु औषधि, सर्जिकल, उपकरण प्रयोगशाला रसायन आदि क्रय हेतु निर्माणकताओं/अधिकृत विक्रेताओ से जिनके पास टीन नंबर/सेल टेक्स जी.एस.टी नंबर हो मोहरबंद निविदा स्पेसिफि केशन के साथ आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी हेतु बलरामपुर-रामानुजगंज की वेबसाईट www.balrampur.gov.in से अवलोकन किया जा सकता है।

1. भरे हुए निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -14/12/2022 (अपरान्ह 05:00 बजे तक )
2. निविदा खोले जाने की तिथि - 15/12/2022 (अपरान्ह 04:00 बजे)

नोट :- निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
अधिकारी जिला-बलरामपुर-रा.गंज
(छ.ग.)

जी नंबर-96362/2

**कार्यालय कलेक्टर सरगुजा जिला सरगुजा एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

::अधिसूचना ::

अम्बिकापुर दिनांक 10/11/2022

क्रमांक-01/अ-82/2021-22 चूँकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की घुनघुट्टा श्याम परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु सार्वजनिक प्रयोजना के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

**अनुसूची**

भूमि का वर्णन :-
1. जिला- सरगुजा
2. तहसील - दरिमा
3. ग्राम/नगर -पोड़िपा
4. भूमि का क्षेत्रफल - 0.696 हेक्टेयर

| ख.क्र. | रकबा (हे0मे) | ख.क्र. | रकबा (हे0मे) | ख.क्र. | रकबा (हे0मे) |
|---|---|---|---|---|---|
| 333 | 0.324 | 654/1 | 0.243 | 654/2 | 0.129 |
| योग :- 0.696 हेक्टेयर | | | | | |

भू-अर्जन अधिकारी
अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(कुन्दन कुमार)
कलेक्टर,
सरगुजा
एवं पदेन उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी नंबर-96369/1

# रोहित,कोहली की वापसी,भारत बांग्लादेश की चुनौती के लिए तैयार

**ढाका,03 दिसम्बर 2022।** वर्ष 2021 और 2022 में लगातार टी20 विश्व कप के आयोजन के चलते एकदिवसीय क्रिकेट पर कम ही ध्यान जा पा रहा था लेकिन 2023 वनडे विश्व कप में 12 महीने से भी कम का समय शेष रहते इस फॉर्मेट को टीमों और प्रशंसकों की निगाहों में महत्त्व मिलने लगा है।

भारत की युवा टीम के न्यूजीलैंड दौरे में जाने और सीरीज का एकमात्र मैच गंवाने, क्योंकि अगले दो मैच बारिश के कारण धुल गए थे, के बाद रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल की वापसी से भारत रविवार को होने वाले सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश की चुनौती के लिए तैयार है जो शेरे बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा।

बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज से रोहित, शिखर धवन और कोहली शीर्ष तीन बल्लेबाजों के रूप में एकत्र होंगे। 2019 विश्व कप के बाद इस त्रिमूर्ति ने एक साथ मिलकर केवल 12 वनडे ही खेले हैं।

यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित और धवन की ओपनिंग जोड़ी टीम को पहले 10 ओवरों में तेज शुरूआत दे पाती है या नहीं और कोहली अपनी टी20 फॉर्म को वनडे में बरकरार रख पाते हैं या नहीं।

इस मुकाबले में सारा ध्यान भारत के मध्य क्रम पर लगा रहेगा खास तौर पर चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर।

राहुल ने खुद को अपने शानदार प्रदर्शन से मध्य क्रम में स्थापित किया है और श्रेयस अय्यर को




जितने भी मौके मिले हैं उन्होंने खुद को साबित किया है।

ऋषभ पंत मध्य क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में एक अच्छा विकल्प देते हैं लेकिन उनके कट्टर समर्थक भी उनके बल्ले से बांग्लादेश के खिलाफ रन निकलते देखना चाहेंगे क्योंकि ईशान किशन और संजू सैमसन (जो इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं) उन्हें चुनौती दे रहे हैं।

जहां तक गेंदबाजी की बात है अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर स्पिन जोड़ी के लिए प्रबल दावेदार हैं। तेज गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन और उमरान मलिक दावेदार हैं। मलिक को चोटिल मोहम्मद शमी की जगह टीम में शामिल किया गया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत वनडे सीरीज में कैसा गेंदबाजी विकल्प चुनता है।

दूसरी तरफ बांग्लादेश के नियमित कप्तान तमीम इकबाल और तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद चोटों के कारण इस सीरीह से बाहर हैं। कार्यवाहक कप्तान लिटन दास को अपने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा।

लिटन चाहेंगे कि सीनियर खिलाड़ी शाकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम और महमूदुल्लाह अपने स्तर के अनुरूप खेलें और बाकी खिलाड़ी उनके आसपास अपनी भूमिका निभाएं।

भारत बांग्लादेश में सीरीज जीतने की उम्मीद करेगा जो अक्टूबर 2016 के बाद से नहीं हो पायी है।

# फीफा विश्व कप 2022 में दिखा एशियाई टीमों का दम,बदला टूर्नामेंट का रुख

**दोहा ,03 दिसम्बर 2022।** फीफा विश्व कप 2022 का आयोजन इस बार कतर में चल रहा है जो बेहद खास है। इस बार संभावना लग रही है कि फीफा विश्व कप विजेता कोई एशियाई टीम बन सकती है। 20 नवंबर से शुरू हुए फीफा विश्व कप का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है।

इस टूर्नामेंट में जापान और दक्षिण कोरिया जैसी टीमें भी नॉकआउट में जगह बनाने में कामयाब रही है। इन दोनों टीमों के अलावा कोई अन्य एशियाई टीम ग्रुप स्टेज की परीक्षा को पार करने में सफलता हासिल नहीं कर सकी है। इस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन ही सऊदी अरब की टीम ने बड़ा उलटफेर करते हुए अर्जेंटीना की टीम को 2-1 से मात दी थी। वहीं जर्मनी की टी भी जापान के हाथों हार का स्वाद चख चुकी है। इस फीफा विश्व कप के दौरान ग्रुप स्टेज में एशियाई टीमों का प्रदर्शन भी दमदार रहा है।

इस बार ईरान की टीम ग्रुप बी का हिस्सा थी, जहां इंग्लैड के खिलाफ पहले मैच में टीम ने छह गोल किए थे। इसके अगले मैच में ईरान की टीम मजबूती से खेलते हुए वेल्स की टीम को हराने में सफल रही थी। वहीं ग्रुप सी में सऊदी अरब की टीम ने अर्जेंटीना की टीम को 2-1 से मात दी थी। टूर्नामेंट का ये सबसे बड़े उलटफेर में से एक था। वहीं जापान ने पहली मैच में जर्मनी और स्पेन को मात दी है। वहीं ग्रुप एच




में दक्षिण कोरिया ने पुर्तगाल को हराया था। कतर के अलावा एशियाई देशों का प्रदर्शन भी काफी हैरान करने वाला रहा है। इस टूर्नामेंट में दो पूर्वी देशों का सामना एशियाई देशों से है।

फुटबॉल विश्लेषकों के मुताबिक मौजूदा हालात में इस नतीजे असंभव माना जा रहा है। मगर ऐसा ही खेल दिखता रहा तो आने वाले वर्षों में ये स्थिति भी काफी सामान्य लगने लगेगी। फुटबॉल में एशियाई टीमों को अगर किसी बड़े देश से हार का सामना करना पड़ेगा तो ये भी बड़ी बात हो सकती है। इसके पीछे एशियाई देशों में हुई प्रगति का भी खास रोल रहा है।

दरअसल पिछले कुछ वर्षों में एशियाई देशों ने तकनीकी रूप से काफी प्रगति की है। इसमें जापान, कोरिया जैसे देशों का नाम सबसे ऊपर आता है। एशिया के कई देशों के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हुआ है। इन देशों में फुटबॉलरों को जमीनी स्तर से ऊपर लाने का काम भी तेजी से चल रहा है। वर्षों तक ट्रेनिंग मिलने के बाद खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जा रहा है। ऐसे में कई फुटबॉल खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। सत्तर के दशक के बाद जापान ने फुटबॉल में समय के साथ साथ काफी प्रगति की है। जापान के कोच रह चुके ब्राजील के दिग्गज जिको ने ही जापान में घरेलू फुटबॉल के परिदृश्य को बदल दिया है।

जापान में फुटबॉल संघ में लंबे समय तक काम किया और आज इसका परिणाम फीफा विश्व कप के दौरान टीम के प्रदर्शन से देखने को मिल रहा है। बता दें कि वो एफसी गोवा को भी कोचिंग दे चुके है। उनका मकसद फुटबॉल कल्चर को बदलना था। जापान की टीम छह विदेशी लीगों में खेल चुकी है तभी जर्मनी और स्पेन को हराने में टीम को सफलता मिली है। जापान की टीम के दो गोल स्कोरर खिलाड़ी रित्सु जोन और ताकुमा असानो जर्मनी की घरेलू लीग में लंबे समय से खेलते रहे है। वहीं कोरियन टीम के सोन ह्युंग मिन की बात करें तो वो भी ईपीएल क्लब टोटेनहम हॉटस्पर में शामिल है।

कोरियाई टीम के खिलाड़ियों ने भी इस टूर्नामेंट में दिलचस्प प्रदर्शन किया है। कोरियाई फुटबॉलर कई अन्य देशों की टीम के साथ भी खेलते हैं। वहीं जापान के फुटबॉलर ताकुमी मिनामिनो अब लिवरपूल के जरिए फ्रेंच क्लब मोनाको में खेलते हैं। ऐसी ही स्थिति सऊदी अरब की भी है। सऊदी अरब की राष्ट्रीय टीम के 9 फुटबॉल खिलाड़ी अल-हिलाल में खेलते हैं। इतना ही नहीं वर्ल्ड कप से पहले जब बाकी फुटबॉलर क्लब फुटबॉल खेलने में व्यस्त हैं तो सऊदी अरब के फुटबॉलर एक महीने से तैयारी में जुटे हुए हैं।

जापान और कोरिया ऐसी टीमें रही हैं जिन्होंने टूर्नामेंट में कई अवसरों का लाभ लिया है। टीमों ने बड़ी टीमों के खिलाफ छोटे मौकों का भी अच्छे से इस्तेमाल किया है। अर्जेंटीना और जर्मनी के पास भी कई मौके आए थे मगर विरोधी टीमों के खिलाफ इन मौकों को भुना नहीं सके थे। इस टूर्नामेंट में अर्जेंटीना, जर्मनी, स्पेन या पुर्तगाल की टीमों ने सऊदी अरब, जापान, दक्षिण कोरिया जैसी एशियाई टीमों को हल्के में लिया है।

# गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट के कारण बांग्लादेश वनडे से बाहर,उमरान मलिक टीम में शामिल

**नयी दिल्ली ,03 दिसम्बर 2022।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कंधे में चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। शमी ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनका 14 दिसंबर से चटगांव में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलना भी संदिग्ध है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा,'' तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके कंधे में चोट लगी है और अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बीसीसीआई की चिकित्सा टीम की निगरानी में हैं। वह तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। अखिल भारतीय चयन समिति ने शमी की जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया है।'' शमी की चोट की गंभीरता का पता नहीं चला। बंगाल का यह तेज गेंदबाज




अगले साल होने वाले वनडे विश्वकप को देखते हुए इस प्रारूप में भारतीय टीम का अहम अंग है। शमी ने स्वयं ट्विटर पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की जिसमें वहां कंधे की चोट का उपचार करा रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, '' चोट आपको यह सीख देती हैं कि प्रत्येक पल का आनंद लो। अपने करियर के दौरान मैं चोटिल होता रहा। इससे आपको सीख मिलती है। कोई मायने नहीं रखता कि मैं कितनी बार चोटिल हुआ। मैंने इन चोटों से सीख ली और अधिक मजबूत होकर वापसी की।'' बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में अब तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, उमरान मलिक और कुलदीप सेन के कंधों पर होगा। शमी अगर टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाते हैं तो यह कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए चिंता का विषय होगा क्योंकि भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए प्रत्येक मैच जीतना होगा।

बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा,'' शमी का वनडे श्रृंखला से बाहर होना चिंता का विषय है लेकिन अगर वह टेस्ट श्रृंखला से बाहर होते हैं तो यह बड़ी चिंता होगी क्योंकि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उन्हें टेस्ट मैचों में भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करनी है।'' शमी ने अब तक 60 टेस्ट मैचों में 216 विकेट लिए हैं।

# दीपक चाहर के साथ हुआ दुर्व्यवहार

**नयी दिल्ली ,03 दिसम्बर 2022।** भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों बांग्लादेश दौरे पर है. यहां दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और दो टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी. इसके लिए भारतीय टीम बांग्लादेश पहुंच गई है. मगर इसी बीच एक भारतीय क्रिकेटर के साथ फ्लाइट में बुरा बर्ताव करने की खबर सामने आई है. यह खुलासा खुद क्रिकेटर ने ही किया है. दरअसल, ये प्लेयर स्टार गेंदबाज दीपक चाहर हैं.



वह इससे पहले भारतीय टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर गए थे. यहां से वह सीधे ढाका पहुंचे और बांग्लादेश सीरीज के लिए भारतीय टीम को जॉइन किया. इसी दौरान उनके साथ फ्लाइट में बुरा बर्ताव हुआ. दीपक चाहर ने ट्वीट कर यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि वह मलेशियाई एयरलाइंस से ढाका पहुंचे हैं. उन्होंने बिजनेस क्लास में सफर किया. इसके बावजूद उन्हें खाना तक नहीं दिया गया.

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की नई रिलीज डेट जारी

सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म योद्धा को लेकर चर्चा में है। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं और खास बात है कि वह अपने करियर में पहली बार कोई एक्शन फ्रैंचाइजी लेकर आ रहे हैं। यही वजह है कि इसे लेकर दर्शकों के बीच गजब का उत्साह है। अब इसकी नई रिलीज डेट सामने आई है। खुद फिल्म के निर्माता-निर्देशक और कलाकारों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी योद्धा। सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना एक पोस्टर शेयर कर लिखा, एक्शन और रोमांच से लबरेज योद्धा का बड़े पर्दे पर लुत्फ उठाने के लिए तैयार हो जाएंगे। यह आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 7 जुलाई, 2023 को आएगी। सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सिद्धार्थ के अलावा दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी अहम भूमिका में हैं। बताते चलें कि पहले यह फिल्म 11 नवंबर, 2022 को रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म की कहानी प्लेन क्रैश से जुड़ी है। इसे एक सच्ची घटना से प्रेरित बताया जा रहा है। इसमें सिद्धार्थ रॉ के एक एजेंट के रूप में नजर आ सकते हैं। यह धर्मा प्रोडक्शंस की पहली एरियल एक्शन फ्रैंचाइजी है। करण ने पिछले साल नवंबर में इस फिल्म का ऐलान किया था। फिल्म में सिद्धार्थ का फर्स्ट लुक दर्शकों को बेहद पसंद आया। पहले इस फिल्म से शाहिद कपूर जुड़ने वाले थे, लेकिन उनसे बात नहीं बन पाई। ना सिर्फ योद्धा, बल्कि आने वाले दिनों में




एक्शन से भरपूर कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्म पठान और टाइगर 3 में भी जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। फाइटर, बुल, बड़े मियां छोटे मियां और हीरोपंती 2 भी इसी फेहरिस्त में शामिल हैं। बता दें कि सिद्धार्थ को बॉलीवुड में लॉन्च करने वाले करण ही हैं। उन्होंने करण की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अभिनय की दुनिया में आगाज किया था। यह फिल्म 2012 में दर्शकों के बीच आई थी। इसके बाद दोनों ने हंसी तो फंसी, बार बार देखो और कपूर एंड सन्स जैसी फिल्मों में काम किया। करण और सिद्धार्थ पिछले साल फिल्म शेरशाह के लिए साथ आए थे, जो दर्शकों के साथ समीक्षकों की कसौटी पर भी खरी उतरी।

# अनुपमा अग्निहोत्री ने व्हाइट ब्रा मे दिखाया जलवा



बॉलीवुड अदाकारा अनुपमा अग्निहोत्री की बोल्डनेस और हॉटनेस सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी हॉट तस्वीरें फैंस को बेकरार किए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री की लेटेस्ट तस्वीरों ने धमाल मचा रखा है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही है। अनुपमा अग्निहोत्री ने व्हाइट कलर की ब्रा और शार्ट्स पहन रखा है। साथ ही पिंक कलर की क्रॉप टी शर्ट का श्रग पहन रखा है। एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री अक्सर अपनी हॉट एंड सेक्सी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहने वाली अनुपमा अपनी हॉट तस्वीरों को शेयर करती रहती है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इस बोल्ड आउटफिट में एक्ट्रेस अनुपमा अपना जमकर क्लीवेज फ्लॉन्ट करती रहती हैं।

# शाहरुख खान की फिल्म पठान का नया पोस्टर जारी




शाहरुख खान की आने वाली फिल्म पठान को लेकर उनके प्रशंसक उत्साहित हैं। साल 2018 के बाद पठान से वह बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। अपने चहेते स्टार की वापसी का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब शाहरुख ने ऐक्शन से भरा फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है जिसमें शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम तेज-तर्रार अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर जारी होते ही सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया।

शाहरुख ने इंस्टाग्राम पर पठान का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में शाहरुख, दीपिका और जॉन हाथ में बंदूक लिए नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में शाहरुख ने लिखा, पेटी बांध ली है? तो चलें! पठान के आने में 55 दिन बाकी हैं। वाईआरएफ50 के साथ आप भी इसका जश्न मनाएं। इसे आप 25 जनवरी 2023 को अपने नजदीकी सिनेमाघर में देख सकते हैं। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

पिछले महीने शाहरुख के जन्मदिन के मौके पर पठान का टीजर जारी किया गया था। टीजर में शाहरुख तेज-तर्रार ऐक्शन अंदाज में नजर आए हैं। फिल्म में वह एक जासूस पठान की भूमिका में हैं जो किसी मिशन पर है। इस मिशन के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। फिल्म में शाहरुख और जॉन एक दूसरे से भिड़ते नजर आएंगे। टीजर में दीपिका का ग्लैमरस के साथ ऐक्शन अंदाज भी दिखाई दे रहा है।

पठान के ऐक्शन के लिए शाहरुख ने दो साल की कड़ी ट्रेनिंग ली है। शाहरुख के ट्रेनर प्रशांत सुभाष के हवाले से इस ट्रेनिंग के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स सामने आई थीं। प्रशांत ने बताया था कि पठान में अपने किरदार में खुद को ढालने के लिए शाहरुख ने ट्रेनिंग के दौरान काफी वेट लिफ्टिंग की है। अभिनेता बहुत सारे सर्किट ट्रेनिंग और कार्डियो वर्कआउट करते थे। बकौल प्रशांत इस ट्रेनिंग के दौरान शाहरुख घायल भी हो गए थे। पठान के अलावा अगले साल शाहरुख की दो अन्य फिल्में भी रिलीज होंगी। वह एटली की फिल्म जवान में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म जून में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ दक्षिण भारत की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा नजर आएंगी। इसके बाद शाहरुख साल के अंत में डंकी में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण राजकुमार हिरानी कर रहे हैं। फिल्म में पहली बार शाहरुख और तापसी पन्नू की जोड़ी दिखाई देगी। बुधवार को शाहरुख ने बताया कि उन्होंने सऊदी अरब में डंकी का शेड्यूल पूरा कर लिया है। बता दें कि यह सऊदी में शूट होने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म है।













C M Y K

# शोरगुल खत्म,नेताओं का अब सिर्फ जनसंपर्क होगा

» बीजेपी-कांग्रेस ने झोंकी ताकत
» प्रचार खत्म सोमवार को फैसला करेगी जनता
» मरकाम बोले:बलात्कारी के लिए क्षेत्र में गहरा आक्रोश,
» साव बोले- जनता बहकावे में नहीं आने वाली

**रायपुर,03 दिसम्बर 2022(ए)।** भानुप्रतापपुर में चुनावी प्रचार का शोर खत्म हो गया। शनिवार की दिनभर कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने अलग अलग मोर्चा सम्हाले हुए था। शाम होते तक बीजेपी नेताओं ने अपने प्रत्याशी की जित के लिए रोड शो, रैली और पदयात्रा के जरिये प्रचार करते रहे। इसी तरह कांग्रेस ने भी अपनी ताकत झोंक दी। मुख्यमंत्री से लेकर पूरा प्रदेश संगठन भानुप्रतापपुर में 2 आमसभा और जनसम्पर्क करते रहा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रचार करने पहुंचे उन्होंने कोरर में जन सभा को संबोधित किया। मंत्री कवासी लखमा भानुप्रतापुर की सड़कों पर खुली जीप में प्रचार करते दिखे। भाजपा के डॉ रमन सिंह ने भी रोड शो किया। बृजमोहन अग्रवाल इस चुनाव के प्रभारी बनाए गए हैं। बीते 15 दिनों से पूरी सक्रियता के साथ इलाके में प्रचार कर रहे हैं। शनिवार शाम के बाद अब इस तरह से खुले आम किए जाने वाले प्रचार की तय समय सीमा खत्म कर दी गई है। अब सोमवार को वोटिंग होनी है जनता भानुप्रतापपुर का भाग्य तय करेगी।

कांग्रेस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास है कि उनक संगठन जीतेगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने यौन शोषण के आरोपों में घिरे ब्रम्हानंद नेताम को लेकर कहा- भाजपा प्रत्याशी



बलात्कारी ब्रम्हानंद के लिये क्षेत्र में गहरा आक्रोश है, कांग्रेस सरकार के काम सावित्री मंडावी की जीत का आधार बनेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा है- भानुप्रतापपुर की जनता कांगेस के बहकावे में नहीं आने वाली , भाजपा प्रत्याशी की होगी बड़ी जीत। अरुण साव ने कहा- बिजली बिल हाफ करने का वादा करके सरकार बनाने वाली कांग्रेस बिजली बिल बढ़ाकर जनता को बिजली का करंट दे दिया है ।

### उपचुनाव एक नजर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए 3 दिन बचे हैं। पांच दिसम्बर को मतदान होना है। इस सीट के लिए 256 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जहां एक लाख 97 हजार 535 मतदाता अपने वोट डालेंगे। यहां 69 केंद्र नक्सल प्रभावित इलाकों में हैं। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 3 हजार 490 है। जिनमें एक हजार 840 पुरुष और एक हजार 650 महिलाएं हैं। यानी ये लोग पहली बार वोट डालने वाले हैं। इस क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या एक हजार 875 है। जिनमें 640 पुरुष और एक हजार 235 महिलाएं हैं। यहां सेवा मतदाताओं की संख्या 548 है। जिनमें 529 पुरूष तथा 19 महिला मतदाता है

## भूपेश को भरोसा आदिवासी और किसान बीजेपी के साथ नहीं

उपचुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जीत के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने प्रचार के आज अंतिम दिन भानुप्रतापपुर रवाना होने से पूर्व कहा कि आदिवासी बीजेपी को जान गए हैं। सीएम बोले बीजेपी भले ही पूरी ताकत से प्रचार करे लेकिन वह कामयाब नहीं हो पायेगी। अपने वरिष्ठ नेताओं को दिखने के लिए ही ताकत लगा रहे हैं।

भानुप्रतापपुर में उपचुनाव का माहौल बना हुआ है। 5 दिसंबर को वोटिंग किया जायेगा। जिसके नतीजे 8 दिसंबर को आ जायेंगे। वोटिंग के पहले कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं आज प्रचार का आखिरी दिन है। सभी पार्टी के नेता सिर्फ आज ही प्रचार कर पाएंगे। इसके बाद डोर टू डोर ही लोगों से संपर्क कर सकेंगे।जानकरी के अनुसार प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल आज भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी के लिए वोट अपील करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 2 स्थानों पर आमसभा को संबोधित करेंगे। सीएम दोपहर 1.30 बजे से ग्राम लखनपुरी तहसील चारामा पहुचेंगे। दोपहर 1.35 बजे से हाई स्कूल मैदान कानापोड़ में आम सभा को संबोधित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### नए जिलों में स्थानांतरित कर्मियों को तत्काल रिलीव करने कलेक्टरों को निर्देश



**रायपुर,03 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रदेश के समस्त जिलों के कलेक्टर्स को पत्र लिखकर कहा है कि नवीन जिलों सहित अन्य जिलों में जिन कर्मियों का स्थानांतरण दूसरे जिलों में किया गया है उन्हें तत्काल भारमुक्त किया जाये। विभाग ने इसके लिए 7 दिनों का समय दिया है।

### डॉ. चंदन यादव आज पहुंचेंगे राजधानी



**रायपुर,03 दिसम्बर 2022(ए)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. चंदन यादव कल 4 दिसंबर रविवार को राजधानी पहुंच रहे हैं। चंदन यादव कल इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा दोपहर 1.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। दोपहर 4 बजे सर्किट हाउस रायपुर से कांकेर के लिये रवाना होंगे।

शाम 7 बजे कांकेर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार राजेश तिवारी के पुत्र विवाह पश्चात कांकेर में आयोजित आर्शीवाद समारोह में शामिल होंगे एवं रात्रि विश्राम कांकेर में करेंगे।

दिनांक 5 दिसंबर 2022 सोमवार को सुबह 9 बजे कांकेर से रायपुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस रायपुर में कांग्रेसजनों से भेंट एवं चर्चा। दोपहर 3 बजे रायपुर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगें। रात्रि 8.15 बजे रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

### एसएसपी ने किया थाना प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल



**बिलासपुर ,03 दिसम्बर 2022(ए)।** एसएसपी पारुल माथुर ने कई थाना प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। युवक की आत्महत्या के बाद हुए बवाल के चलते बिल्हा थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा को लाइन वापसी करवाई गई है। ज्ञातव्य है कि इस मामले में थाना प्रभारी की भूमिका पर भी उंगलियां उठी थी। उनकी जगह तारबाहर टीआई देवेश सिंह राठौर को भेजा गया है। वही महिला थाना प्रभारी कौशिल्या साहू को डीएसपी प्रमोट होने पर लाइन लाया गया है। मनोज नायक तारबाहर प्रभारी बनाये गए हैं।

## सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी एक राजनीतिक कार्रवाई है:सीएम भूपेश बघेल

**रायपुर,03 दिसम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है. सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जैसा कि मैं कहता रहा हूं, ईडी द्वारा मेरी उपसचिव सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी एक राजनीतिक कार्रवाई है. हम इसके खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेंगे.'वहीं इस पर पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने भी इसे राजनीतिक कार्रवाई बताया है. उन्होंने ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी विशुद्ध राजनीतिक आधार पर की गई है. यह लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई हमारी सरकार को अस्थिर करने की साजिश है.

मनी लांड्रिंग और कोल परिवहन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी को



गिरफ्तार कर लिया है. सौम्या चौरसिया को शुक्रवार सुबह पूछताछ के लिए बुलाया गया, फिर दोपहर बाद श्वष्ठ की टीम ने मेडिकल चेकअप के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां सुनवाई के बाद स्पेशल कोर्ट ने उन्हें चार दिन की रिमांड पर दिया है.

छत्तीसगढ़ में मनी लांड्रिंग और कोल परिवहन में लेवी के मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है. इससे पहले श्वष्ठ ने ढ्ढस् समीर विश्नोई, सूर्यकांत तिवारी, सूर्यकांत के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी और कोल कारोबारी सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार किया है. इसके बाद से ही सौम्या चौरसिया सहित कई अफसरों से श्वष्ठ की टीम पूछताछ कर रही थी. शुक्रवार को सुबह से ही ईडी द्वारा गिरफ्तारी की सूचनाएं आ रही थी. दोपहर बाद जब ईडी की टीम मेडिकल चेकअप के लिए सौम्या को लेकर मेकाहारा पहुंची, तब गिरफ्तारी की पुष्टि हो गई.

## छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित संशोधन आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल करेंगी हस्ताक्षर 5 को

**रायपुर,03 दिसम्बर 2022(ए)।**
छत्तीसगढ़ विधानसभा में आरक्षण विधेयक सर्व सम्मति से पारित हो गया है। अब आरक्षण संसोधन विधेयक पर राज्यपाल अनुसुईया उइके हस्ताक्षर करेंगी। बिल राजभवन भेज दिया गया है. इसी बीच राज्यपाल अनुसुईया उइके ने हस्ताक्षर को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि वह संसोधन विधेयक पर सोमवार को हस्ताक्षर करेंगी। विधि विशेषज्ञ से राय लेने के बाद सोमवार को हस्ताक्षर करेंगी। राज्यपाल ने खुद सोमवार को हस्ताक्षर करने की जानकारी दी है। राज्य सरकार ने कुल 76 फीसदी आरक्षण का संसोधन विधेयक लाया है. राज्यपाल अनुसुइया उइके ने कहा कि पहले विधेयक का परीक्षण किया जाता है, उसके बाद सचिवालय से



लीगल एडवाजसर भेजते हैं.उइके ने कहा कि कल पास हुआ है विधेयक. तत्काल हस्ताक्षर नहीं होता. जैसे नोटिफिक्रेशन जारी होगा, इसी महीने से सारी रुकी भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएंगी. आरक्षण की पहल मैंने की. आप लेकर आए सब कुछ सकारात्मक रहा, सबको धन्यवाद देती हूं. शनिवार रविवार छुट्टी है. सोमवार को हस्ताक्षर हो पाएगा।

### मुख्यमंत्री ने 'सामाजिक सुरक्षा योजना' के अंतर्गत 238 हितग्राहियों को

## 43 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन किया भुगतान

**कवर्धा ,03 दिसम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वर्चुअल मोड में विभिन्न योजनाओं के तहत कबीरधाम जिले के 238 हितग्राहियों को 43 लाख 17 हजार 500 रूपए की राशि ऑनलाइन भुगतान किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत जिले के 10 हितग्राहियों को 16 लाख 60 हजार 500 रुपए की सहायता राशि का ऑनलाइन डीबीटी किया।

उन्होंने साथ ही जलि के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के 75 प्रतिशत अंक से अधिक प्राप्त करने वाले 137 छात्र-छात्राओं को 23 लाख 35 हजार रूपए प्रतिभाशाली छात्रवृति योजना के तहत डीबीटी के ज़रिए प्रदाय की।

इसी तरह 61 मेधावी विद्यार्थियों को मेधावी छात्रवृत्ति योजनांतर्गत कुल 1 लाख 67 हज़ार रूपए की छात्रवृत्ति का ऑनलाइन भुगतान किया। व्यवसायिक और गैर व्यवसायिक पाठ्यक्रम में शिक्षा के लिए तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के 30 बच्चों को 1 लाख 55 हज़ार रूपए का



स्टाएफंड भी बटन दबाकर ऑनलाइन प्रदाय किया।

इस दौरान जिला लघु वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष श्री दुखीराम, वन मंडल कवधा के उप वन मंडलाधिकारी, उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन कवर्धा, सभी प्राथमिक लघु वनोपज के अध्यक्ष, प्रबंधक तथा छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं एवं हितग्राही बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे

## स्वास्थ्य और पोषण की डेल्टा रैंकिंग में सुकमा को मिला देश में प्रथम स्थान



**सुकमा ,03 दिसम्बर 2022(ए)।** नीति आयोग द्वारा अक्टूबर माह में जारी आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में सुकमा जिले ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश में प्रथम स्थान हासिल किया हैं। आकांक्षी जिला सुकमा को अक्टूबर माह के लिए स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में प्रथम रैंक मिला है। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से निश्चित ही जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी मापदण्डों में बेहतरी हुई है।

जिले में गर्भवती महिलाओं की एएनसी रजिस्ट्रेशन में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं संस्थागत प्रसव में जिले में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, वर्तमान स्थिति में 90 प्रतिशत संस्थागत प्रसव किए जा रहे हैं। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत आंगनबाड़ियों में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को प्रदान की जाने वाली पूरक पोषण आहार प्रदान करने में जिले की दर 99.14 प्रतिशत है। जिले में टीबी के मरीजों की पहचान में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, वहीं टीबी मरीजों के सफल इलाज में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### अक्टूबर माह के ओवरऑल रैंक में मिला तीसरा स्थान

जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, मूलभूत सुविधाओं के विकास, कौशल विकास, जल संसाधन के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया हैं। जिसके परिणाम स्वरूप नीति आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर अक्टूबर माह के ओवरऑल रेंक में सुकमा जिला को तीसरा मिला।




### नक्सली मिलिशिया सदस्य ने पिड़मेल कैम्प में किया आत्मसमर्पण

**सुकमा ,03 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पुनर्वास नीति के तहत नक्सल संगठन में सक्रिय मिलिशिया सदस्य माड़वी गंगा पिता माड़वी भीमा उर्फ माड़वी गनपत निवासी पटेलपारा पिड़मेल, थाना चिंतागुफा, द्वारा आज 03 दिसंबर को नवीन कैम्प पिड़मेल में तोंगपाल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोमेश वर्मा, कंपनी कमांडर अयोध्या सिंह बनाफर एवं सउनि रामुराम नाग एवं 150 वाहिनी सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण दिया। आत्मसमर्पित नक्सली वर्ष 2016 से नक्सल संगठन से जुड़कर थाना चिंतागुफा क्षेत्र में रोड खोदना, मार्ग अवरुद्ध करना जैसे विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहा है। आत्मसमर्पित नक्सली को शासन के पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि व अन्य सुविधा प्रदाय किया जायेगा।

## किसानों से वसूली का वीडियो हुआ वायरल

**लोरमी ,03 दिसम्बर 2022(ए)।** मुंगेली जिले में लोरमी तहसील के अखरार धान खरीदी केंद्र में किसानो से वसूली करते हुए एक कर्मचारी का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में प्रारम्भिक तौर पर कार्यवाही करते हुए कर्मचारी को हटा दिया गया है।

वायरल वीडियो में धान खरीदी केंद्र का अतिरिक्त कर्मचारी दिलीप पाटले किसानों से अवैध वसूली करता हुआ नजर आ रहा है। धान खरीदी केंद्र अखरार के प्रभारी दिलीप जायसवाल ने बताया कि अतिरिक्त कर्मचारी दिलीप पाटले को आवक रजिस्टर में किसानों के नाम एंट्री के लिए लगाया गया था। किसानों से वसूली की जानकारी मिलते ही उसे तत्काल काम से हटा दिया गया है। वहीं इसे लेकर लोरमी के एसडीएम पार्वती पटेल ने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर नायब तहसीलदार से जांच कराते हुए आगे कार्यवाही की जाएगी।






### पूर्व में भी हो चुकी है कार्यवाही

इस जिले में पिछले वर्ष भी खुड़िया धान खरीदी केंद्र में बिचैलियों द्वारा वनांचल के सैकड़ों किसानों के नाम पर बिना फसल के ही फर्जी पंजीयन कराते हुए लाखों रुपए की हेराफेरी की गई थी। इस पूरे मामले में खुड़िया धान खरीदी केंद्र के प्रभारी, ऑपरेटर, बारदाना प्रभारी के अलावा कुछ बिचैलियों के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। हालांकि इसके बाद भी खरीदी केंद्रों में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है।

## जो लड़का,3.5 लाख के साथ गायब हुआ था अब मिला मुंबई में,कर रहा था पार्टी

### घर वाले किडनेपिंग को लेकर थे परेशान

**दुर्ग ,03 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में साढ़े 3 लाख रुपये के साथ गायब हुए छात्र का पता चल गया है। दुर्ग पुलिस ने आरपीएफ के साथ मिलकर छात्र को मुंबई से बरामद कर लिया है। उसके पास बैग में 2,70,500 रुपये और 3 मोबाइल मिला है। छात्र के मिलने के बाद दुर्ग पुलिस ने अब चैन की सांस ली है।

दरअसल साढ़े 3 लाख रुपये के साथ नाबालिग के गायब होने की खबर ने दुर्ग पुलिस की नींदें उड़ा दी थी। 30 नवंबर को गायब हुए लड़के फानेश्वर साहू की बहन ने छावनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि
उसने अपने भाई को माता-पिता के पास नवागढ़ जाने के लिए पावर हाउस बस स्टैण्ड में छोड़ी थी। बालक के पास साढ़े 3 लाख रुपये कैश रखा था। बालक के घर नहीं पहुंचने पर पिता ने बेटी को फोन किया कि फानेश्वर घर नहीं पहुंचा है।

मामले में दुर्ग की छावनी थाना पुलिस ने छात्र के अपरहण का मामला पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरु कर दी थी। जिसके बाद छात्र का लोकेशन मुंबई मिला। लड़के के पास साढ़े 3 लाख रुपये थे, जानकारी के मुताबिक उसमें से उसने 80 हजार रुपये दोस्तों के साथ मौज-मस्ती और पार्टी करने में उड़ा दिये। फिलहाल छावनी पुलिस लड़के को वापस लेकर आ रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)